

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-302 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# बजट के महाकुंभ में छूट का अमृत स्नान

## मध्यम वर्ग का आम बजट

## 12.75 लाख तक आय पर कोई टैक्स नहीं
## महिलाएं और किसानों पर मेहरबान मोदी सरकार



**नई दिल्ली,1 फरवरी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उम्मीदों के अनुरूप मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को पूरी तरह से कर मुक्त किये जाने की घोषणा की। यह छूट नई आयकर व्यवस्था में दी गयी है। मानक कटौती 75,000 रुपये के साथ नौकरीपेशा लोगों को अब 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं देना होगा।

सीतारमण ने शनिवार को घोषणा की कि सरकार पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में अतिरिक्त बुनियादी ढांचा का निर्माण करेगी और बिहार की राजधानी पटना स्थित आईआईटी का विस्तार करेगी। निर्मला सीतारमण ने शनिवार को घोषणा की कि सरकार अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में **'डे केयर' कैंसर केंद्रों** की स्थापना की सुविधा प्रदान करेगी और इनमें से 200 इसी वित्त वर्ष 2025-26 में स्थापित किए जाएंगे। सीतारमण ने 2025-26 का आम बजट पेश करते हुए कहा कि 'गिग वर्कर्स' को पीएम जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। **कैंसर की दवाएं भी सस्ती होंगी।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को **'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना'** की घोषणा की। इसके तहत कम पैदावार, आधुनिक फसल गहनता और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा।

सरकार अगले 10 साल में चार करोड़ अतिरिक्त यात्रियों की मदद के लिए 120 गंतव्यों को जोड़ने के लिए संशोधित उड़े देश का आम नागरिक 'उड़ान' योजना शुरू करेगी।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए ब्याज सहायता योजना की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की घोषणा की। सीतारमण ने कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए ऋण गारंटी कवर बढ़ाएगी।

किसी भी आकलन वर्ष के लिए अद्यतन आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने की घोषणा की। आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा को मौजूदा दो साल से बढ़ाकर चार साल करने का प्रस्ताव वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में रखा गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज से हुई आय पर कर कटौती की सीमा दोगुनी करके एक लाख रुपये करने की घोषणा भी बजट में की गई।

सरकार की योजना भारतीय डाक विभाग को 1.5 लाख ग्रामीण डाकघरों के साथ एक बड़े लॉजिस्टिक्स संगठन में बदलने की है। मंत्री ने लगातार अपना आठवां बजट पेश करते हुए कहा कि भारतीय डाक को 1.5 लाख ग्रामीण डाकघरों के साथ एक बड़े सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन में तब्दील किया जाएगा।

रुकी हुई आवास परियोजनाओं में एक लाख इकाइयों को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के नए **'स्वामी'** कोष की घोषणा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने लगातार आठवें बजट भाषण में बिहार में **मखाना बोर्ड** की स्थापना की घोषणा की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार राज्यों के साथ मिलकर शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों का विकास करेगी और **'होमस्टे'** (ठहरने के लिए घर जैसा स्थान) के लिए मुद्रा ऋण भी उपलब्ध कराएगी। सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू

### महंगी हुई ये वस्तुएं

सरकार ने इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य उल्टे शुल्क ढांचे को सुधारना है।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस 1,00,000 रुपये किया गया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि बजट 2025-26 में वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस कटौती 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये कर दी गई है। निर्मला सीतारमण ने यह भी कहा कि संसद में अपने बजट 2025 भाषण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस हेतु किराये की वार्षिक सीमा बढ़ाकर 6 लाख कर दी गई है।

### छूट की टोकरी

- केंद्र ने कोबाल्ट उत्पाद, एलईडी, जिंक, लिथियम-आयन बैटरी स्क्रैप और 12 महत्वपूर्ण खनिजों को मूल सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव किया है।
- जहाज निर्माण के लिए कच्चे माल पर मूल सीमा शुल्क में अगले 10 वर्षों के लिए छूट दी गई।
- मछली पेस्टुरिया पर मूल सीमा शुल्क 30 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाएगा।
- केंद्र ने हस्तशिल्प निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए योजना की भी घोषणा की।
- सरकार गीले नीले चमड़े को मूल

### मध्यम वर्ग को राहत

- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12.75 लाख।
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई।
- TDS की सीमा 10 लाख रुपए की गई।
- 4 साल तक अपडेटेड ITR भर सकेंगे।
- किराया आमदनी पर TDS छूट 6 लाख रुपए की गई।
- मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी।
- EV और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी।
- LED-LCD टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5% की गई।
- देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा।
- 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा।
- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी।
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे।
- हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

### महिलाओं के लिए क्या

- SC -ST की MSME महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना।
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

### बुजुर्गों के लिए घोषणा

- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए।
- 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री।
- देश में 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं।
- 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% घटाई।
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।

### किसानों के लिए खुशी

- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी।100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30त्न से घटाकर 5त्न की गई।
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा।
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन-मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### युवाओं की बल्ले-बल्ले

- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपए से 3 Ai (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में 23 IIT में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेश होगा।
- पटना IIT में होस्टल सुविधाएं बढ़ाई जाएगी।
- मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे।
- स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्ट्रीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे।
- सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।

### व्यापारियों के लिए 10 ऐलान

- MSME के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी।
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव।
- 7 टैरिफ रेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे।
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे।
- देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी।
- नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा।
- सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे।
- पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
- शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी।

### टैक्स रिजीम को इस तरह समझे

- 0-4 लाख तक कोई टैक्स नहीं
- 4-8 लाख तक 5 प्रतिशत टैक्स
- 8-12 लाख तक 10 प्रतिशत टैक्स
- 12-16 लाख तक 15 प्रतिशत टैक्स
- 16-20 लाख तक 20 प्रतिशत टैक्स
- 20-24 लाख तक 25 प्रतिशत टैक्स
- 24 लाख के ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स

### बजट भाषण की बड़ी बातें

- MSME के लिए लोन 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़
- डेयरी और फिशरी के लिए 5 लाख तक का लोन
- असम के नामरूप में यूरिया प्लांट लगेगा
- स्टार्ट अप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड
- लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार
- भारत को खिलौना हब बनाएंगे
- खिलौनों के लिए राष्ट्रीय योजना का निर्माण
- भारत के पारंपरिक सूती उद्योग को बढ़ावा
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल सरकार का फोकस
- पीएम धन्य धान्य योजना लाएंगे. 100 जिलों को मिलेगा फायदा
- कपास के प्रोडक्शन और मार्केटिंग पर फोकस
- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख हुई.
- युवाओं को रोजगार देने की प्राथमिकता
- दलहन में आत्मनिर्भरता का मिशन
- बिहार में मखाना बोर्ड का गठन होगा
- मछुआरों के लिए स्पेशल इकोनॉमी
- टैक्स, ऊर्जा और शहरी विकास पर फोकस
- गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति पर फोकस

### 36 जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल इयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे। सरकार का फोकस बिहार पर भी दिखा, जहां इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में IIT का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड और 3 नए एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे।

### अगले हफ्ते आएगा नया इनकम टैक्स बिल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि नया इनकम टैक्स बिल अगले हफ्ते आएगा.इसके अलावा बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी किया जाएगा. वित्त मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की घोषणा की है. इसे तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाएगा. स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक रूप से मदद करने के लिए 30 हज़ार रुपये का क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा. इसे यूपीआई से जोड़ा जाएगा.

- बच्चों में वैज्ञानिक सोच में विकास के लिए स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जाएगी. अगले 5 साल में देशभर में ऐसी 50 हज़ार लैब बनाई जाएगी.
- सक्षम आंगनवाड़ी पोषण 2.0 में पोषण के लिए उचित राशि जारी की जाएगी. इसके अंतर्गत 8 करोड़ बच्चों को लाभ मिलेगा. इसके साथ ही 1 करोड़ गर्भवती को लाभ मिलेगा.
- बजट में गिग वर्कर्स को लेकर बड़ी घोषणा की गई है. अब गिग वर्कर्स ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकेंगे. इसमें उनको आईडी कार्ड जारी किया जाएगा. इसके साथ ही पीएम जन आरोग्य योजना के अतंर्गत स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा.

**राज्यों की भागीदारी से 50 पर्यटन स्थलों का होगा विकास**

वित्त मंत्री ने बताया कि उड़ान क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के तहत 1.5 करोड़ लोगों के प्लेन में यात्रा का सपना पूरा किया गया। 88 एयरपोर्ट जोड़े गए हैं। इस क्षेत्र की स्कीम को संशोधित किया जाएगा।

## स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

**रायगढ़,1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में ईंट लोड भारी वाहन के चालक में तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार पति-पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौत हो गई, महिला के पति की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में जुट गई है। उक्त घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनई निवासी कार्तिकेश्वर अगरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि कल दोपहर वह अपनी पत्नी निद्रावती अगरिया के साथ अपनी स्कूटी से बैंक से पैसा निकालने आया था। घर का राशन लेकर पत्नी के साथ गांव लौट रहा था। शाम करीब पांच के आसपास जब वह रेंगालबहरी एवं ग्राम बरकसपाली के मध्य गायत्री मंदिर के आगे मेन रोड पर पीछे की तरफ से आ रहे लाल रंग का ईंट से लदे वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे निद्रावती अगरिया के कमर के नीचे दोनों पैरों में चोंट लगकर बुरी तरह कुचला गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**सुकमा,1 फरवरी।** जिले के एन एच 30 कोंटा मार्ग पर तेज रफ्तार की कहर ने फिर एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौके पर ही मौत हुई है। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो कर हुई दुर्घटनाग्रस्त ,मौके पर एक डीआरजी जवान की मौत,एक जवान घायल बताईं जा रही है। सीआरपीएफ 159 वाहिनी के जवानों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। बताई जा रहा है दोनों जवान केरलापाल थाना में थे पदस्थ रहे हैं।

## रायगढ़ में मिला बर्ड फ्लू का केस

### रातों-रात 12000 चूजों और 17000 अंडों के साथ नष्ट की गई पोल्ट्री फार्म की 5000 मुर्गियां

**रायगढ़,1 फरवरी।** जिले के चक्रधर नगर स्थित पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का केस मिलते ही प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया. देर रात कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ आपात बैठक की, उसके बाद रात में ही पोल्ट्री फार्म की पांच हजार मुर्गियों, 12 हजार चूजों और 17 हजार अंडों को नष्ट किया गया. कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बर्ड फ्लू की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक कर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रणनीति बनाई. इसके बाद पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम ने पूरी रात मुर्गियों के साथ चूजे और अंडों को नष्ट करने अभियान चलाया. इसके साथ ही भारत सरकार के एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन, कंट्रोल एंड कंटेनमेंट ऑफ एवियन इन्फ्लूएंजा (रिवाइज्ड 2021) के तहत पोल्ट्री फार्म के एक किलोमीटर का क्षेत्र 'इंफेक्टेड जोन' और 10 किमी का दायरा 'सर्विलांस जोन' घोषित कर दिया गया है. 10 किमी के दायरे में मुर्गी और अंडे की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी.



## ठगी के मामले में टामन सोनवानी के साले का सहयोगी गिरफ्तार

**रायपुर।** नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने के मामले में सीजीपीएससीके पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी के बाद अब उनके सहयोगी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी देवेंद्र जोशी का सहयोगी स्वपनिल दुबे रेलवे में काम करता है. संबंधित खबर ~ नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी का साला और उसकी पत्नी गिरफ्तार, बड़े अफसरों से पहचान बताकर बेरोजगारों से ऐंठे थे बड़ा रकम सीजीपीएससी घोटाले में जेल बंद टामन सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी झगीता जोशी को बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने पर दो दिन पहले गिरफ्तार किया था. अब तक 20 लोगों से ठगी की जानकारी पुलिस के हाथ लगी है. पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान देवेंद्र ने बताया कि ठगी के इस पूरे गिरोह में कई रेलवे और पुलिस के कर्मचारी भी शामिल हैं. मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए देवेंद्र जोशी के सहयोगी रेलवे कर्मचारी स्वप्निल दुबे को भी गिरफ्तार किया है. सिविल लाइन थाना प्रभारी रोहित मालेकर ने बताया कि स्वप्निल दुबे को परसों गिरफ्तार करके कल कोर्ट पेश किया गया है. अभी आरोपी को जेल नहीं भेजा गया है. फिलहाल, पुलिस रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है.

## कांग्रेस के तीन बागी नेता निष्कासित

**अंबिकापुर,1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बागी प्रत्याशियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. सरगुजा जिले में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे 3 कांग्रेसियों को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिया दिया है. जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने अशोक जायसवाल, अब्दुल रशीद और फिरोज को कांग्रेस से निष्काषित कर दिया है. ये तीनों कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी होने के बावजूद पार्षद का चुनाव लड़ रहे हैं.

## छत्तीसगढ़ में पहली बार 'भारत रंग महोत्सव'

**खैरागढ़.,1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कला प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. दुनिया के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल 'भारत रंग महोत्सव' (भारंगम) के 25वें संस्करण का आयोजन इस बार पहले से भी ज्यादा भव्य हो रहा है. 28 जनवरी से 16 फरवरी 2025 तक यह उत्सव भारत के 10 प्रमुख शहरों के साथ-साथ नेपाल और श्रीलंका में भी आयोजित किया जा रहा है. खास बात यह है कि इस बार छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ को भी इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी का अवसर मिला है. कला और संगीत की विरासत के लिए प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ पहली बार इस ऐतिहासिक महोत्सव का हिस्सा बनने जा रहा है. देश-विदेश के नामचीन थिएटर समूह यहां अपनी कला का जादू बिखेरेंगे, जिससे यह आयोजन न केवल खैरागढ़ बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बनेगा. खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के मंच पर 4 से 9 फरवरी 2025 तक थिएटर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेशों के प्रमुख थिएटर ग्रुप्स अपने नाटकों का मंचन करेंगे. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ को इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल की मेजबानी का अवसर दिया गया है. इस महोत्सव में रूस, इटली, जर्मनी, नॉर्वे, चेक गणराज्य, नेपाल, ताइवान, स्पेन और श्रीलंका सहित कई देशों के नाट्य दल भाग लेंगे. भारत के भोपाल, कोलकाता, असम, पुडुचेरी, मुंबई और पुणे से भी प्रसिद्ध थिएटर ग्रुप्स खैरागढ़ पहुंचेंगे, जिससे यह आयोजन और भी भव्य हो जाएगा. इस बार भारत रंग महोत्सव 2025 को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की भी योजना बनाई गई है. इससे पहले 2024 में 'जन भारत रंग परियोजना' ने एक समान विषय पर सबसे अधिक नाट्य प्रस्तुतियां देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाई थी. इस बार भी दुनियाभर के सात महाद्वीपों में बसे भारतीय कलाकार ऑनलाइन लघु नाट्य प्रस्तुतियां देंगे, जिससे यह महोत्सव वैश्विक स्तर पर ऐतिहासिक बन जाएगा.

### खैरागढ़ में जुटेंगे देश-विदेश के कलाकार



NSD की ओर से खैरागढ़ को इस आयोजन का हिस्सा बनाए जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तैयारियों में जुट गया है. विश्वविद्यालय का थिएटर विभाग इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है. 4 से 9 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में हर शाम देश-विदेश के थिएटर ग्रुप्स विभिन्न नाटकों का मंचन करेंगे, जिससे खैरागढ़ एक नए सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरेगा. यह महोत्सव न केवल थिएटर प्रेमियों के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक अवसर साबित होगा.

## एक नजर

### लूट का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के मोबाइल लूटकर फरार होने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धार 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है पाटन एचडीओपी अनुप कुमार लकड़ा ने बताया कि ग्राम ढौर उतई निवासी त्रिभुवन साहू वायसर लेने सेलूद गांव आया था वापस जाते समय पाटन रोड ढौर चौक के पास दो युवकों के द्वारा बाइक सीजी 07 बी क्यू 7916 को बीच रोड में टिकाकर एक युवक उसे पकड़ा दूसरे युवक ने जेब में रखे मोबाइल को लूटकर फरार हो गए थे शिकायत के बाद उतई थाने पुलिस की टीम ने बाइक सवार युवकों की तलाश में जुटी रही पुलिस को सूचना मिलने पर संदेही बिहार निवासी नीरज कुमार सरदार, रामरतन यादवको पकड़ा गया जो गुरूकृपा फीड्स मिल ढौर में काम करते है घटना को लेकर पूछताछ करने पर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। 29 जनवरी को अपने ठेकेदार नीतिश यादव की बाइक सीजी 07 बीक्यू 7916 को मांगकर दोनों दुर्ग घुमने निकले थे दोपहर में वापस आते समय बाइक से अकेले जा रहे युवक का रास्ता रोककर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था जब्त वाहनों की कीमत 44 हजार रुपए अआंकी गई है उतई टीआई विपिन रंगारी और उनकी टीम का अह्म योगदान रहा है ।

### मकान में चोरी

**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई राजेंद्र विहार फेस-तीन उमरपोटी निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी लक्ष्मीनाथ निर्मल के घर पर चोरी की घटना हुई है अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण और 17 हजार 300 रुपये नकद चोरी कर लिया चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आकी गई है उतई पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू की है पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता के पोते की तबीयत खराब होने पर वो परिवार के साथ 23 जनवरी को उसके पास चला गया था 27 जनवरी को उसे पड़ोसियों से जानकारी मिली कि उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

### फाइनेंशियल कंपनी में धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल कंपनी के रुपयों का गबन कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपितों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एफआइआर होने के बाद से आरोपित फरार था जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि फाइनेंशियल कंपनी के पूर्व क्रेडिट असिस्टेंट रितेश बंजारे को उसके घर ग्राम भीखमपुर तहसील नवागढ़ थाना नांदघाट जिला बेमेतरा से पकड़ा गया है आरोपित रितेश ने अन्य साथी कंपनी के पूर्व शाखा प्रबंधक गीता राम साहू, ब्रिजलाल साहू और अविनाश यादव के साथ मिलकर लाखों रुपये का गबन किया था आरोपितों ने हितग्राहियों से ऋण की राशि वसूल करने के बाद उसे कंपनी में जमा न कर स्वयं इस्तेमाल कर लिया था क्षेत्रीय प्रबंधक शिकायतकर्ता राजकुमार कैवर्त ने पुलिस से इसकी शिकायत की थी वैशाली नगर थाने पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की थी। पुलिस ने कंपनी के पूर्व शाखा प्रबंधक गीता राम साहू, ब्रिजलाल साहू और अविनाश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था वहीं चौथा आरोपित रितेश फरार था ।

### मैत्रीबाग क्षेत्र में अवैध व्यापारियों पर की जा रही कार्रवाई



**भिलाई, 1 फरवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा मैत्रीबाग में 01 व 02 फरवरी को आयोजित होने वाले पुष्प प्रदर्शनी के मद्देनजर बाग के मुख्य प्रवेश द्वार पर स?क तथा साइकिल स्टैंड से तीन दर्जन से अधिक अवैध चाटए गुपचुप ठेलेए आइसक्रीम ठेलेए दुकानेंए झूले आदि हटाए गए। 31 जनवरी को की गई इस कार्यवाही के तहत साइकिल स्टैंड संचालक के संरक्षण में संचालित की जा रही 20 से भी अधिक अवैध दुकानों को हटाया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि साइकिल स्टैंड परिसर में दुकानों का संचालन न किया जाए।

### एसीडब्ल्यूई विभाग में सुरक्षा एवं प्रोत्साहन सप्ताह संपन्न

**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र में विभागीय सुरक्षा एवं प्रोत्साहन सप्ताह का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक एसके महतोए विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक एस के बेहेराए महाप्रबंधक सुश्री प्रतिभा हरिशचंद्र उपस्थित थी। सहायक महाप्रबंधक एस पी निगम के नेतृत्व में सुरक्षा जागरूकता एवं प्रोत्साहन सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप महाप्रबंधक विमल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में पुरस्कारों की अनुशंसा की गई। द्वितीय सत्र में एनओएचएस के दिनेश ने प्राथमिक उपचार के तरीकों को समझाया तथा कार्यस्थल पर या अन्य कहीं आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार के माध्यम से जीवनरक्षा के महत्व पर जानकारी साझा की।

# भाजपा के समर्थन में कांग्रेस प्रत्याशी ने वापस ले लिया अपना नामांकन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 फरवरी।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत भिलाई नगर निगम के दो वार्डों में उप चुनाव है। एक वार्ड.35 है जिसे शारदा पारा के नाम से जाना जाता है। इस वार्ड से कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों ने अपने.अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे। भाजपा ने चंदन यादव को तथा कांग्रेस ने मनोज सिन्हा को पार्षद प्रत्याशी की टिकट दी थी। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने भाजपा के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और भाजपा जिला भिलाई अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने मनोज सिन्हा का भाजपा प्रवेश करवाया है। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने मीडिया वार्ता में बताया कि कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद से ही कांग्रेस संगठन के कोई नेता उनके समर्थन में प्रचार प्रसार करने नहीं पहुंचे। जब वो स्थानीय समर्थकों के साथ घर.घर कांग्रेस के लिए वोट मांगने निकले तो हर घर से एक ही जवाब मिला कि पिछले एक वर्ष में विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र के बैकुंठ धाम सहित वर्षों से लंबित अनेक समस्याओं को दूर करते हुए जितने विकास कार्य करवाए हैं उनसे वार्ड के लोग पूरी तरह संतुष्ट हैं और वो भाजपा के पक्ष में ही मतदान करेंगे। हर तरफभाजपा विधायक के कार्यों की प्रशंसा देख मैंने जब पार्टी के नेताओं से मार्गदर्शन मांगा तो कांग्रेस संगठन के सभी नेताओं ने कोई प्रत्यक्ष सहयोग नहीं दिया। टिकट मिलने के बाद लगातार कांग्रेस नेताओं की वार्ड से दूरी और वार्ड की जनता का भाजपा के प्रति झुकाव से मुझे स्पष्ट हुआ कि इस वार्ड से टिकट देकर कांग्रेस ने उसे बलि का बकरा बनाया है और इस चुनाव में करारी शिकस्त झेलने से बेहतर मैंने आज अपना नामांकन वापस ले लिया।

## बीजेपी और कांग्रेस ने की अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा,खुशी की लहर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 फरवरी।** जिला पंचायत 12 से भाजपा से रोशन दुबे और जिला पंचायत 14 से कांग्रेस से मोहम्मद कलीम और जिला पंचायत 9 से सुमित्रा विजय पटेल और जिला पंचायत 14 से बीजेपी से ईश्वर साहू ओर जिला पंचायत 8 कांग्रेस से प्रभाती मरकाम को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया । कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही है । हर प्रत्याशी अपने जिला पंचायत क्षेत्र को सर्वांगीण विकास प्राथमिकता को मुख्य उद्देश्य बताया । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन टीम के अधिकारी स्टाफ अच्छे से वर्क कर रहे है जिसकी तारीफ भी हो रही है । कलेक्टर कार्यालय में भारी भीड़ देखी जा रहे है । निवास पर ओर फोन पर लगातार बधाईयों का तांता दिख रहा है ।

# धनोरा में गूंजेगी श्रीराम कथा की धुन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 1 फरवरी।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 4 फरवरी से 12 फरवरी तक श्री हनुमंत कथा एवं श्री राम कथा बहेगी अविरल धारा एवं हर रोज सुबह 8 बजे से 12 बजे तक शत् चंडी यज्ञ माघी पूर्णिमा मेला के पावन पर्व पर बाबा दरबार एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से इस साल श्री राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें 4 फरवरी से 7 फरवरी तक हनुमंत कथा कथा वाचक पंडित दीपक पाण्डेय जी के मुखारविंद से एवं8 फरवरी से 12 फरवरी तक श्री राम कथा की बहेगी अविरल धारा कथा वाचक अनंत विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य जी चित्र कुट धाम उतर प्रदेश के मुखारविंद से एवं हर रोज सुबह शाम विद्वान पंडितों के मुखारविंद से मंत्र उच्चारण एवं 10 फरवरी को रात्रि 7 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर ख्याति प्राप्त मंडली श्रीराम दरबार चीतमखार के मंडली द्वारा श्री मानस गान दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने कहा कि सियाराम मय सब जग जानी हमारे वेद कहते हैं सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामया अर्थात सब सुखी हो सब निरोगी हो वहां कोई वर्ण जाति समुह और पक्ष विपक्ष की बात नहीं है हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सुत्र दे दिया था वसुधैव कुटुंबकम् यानी पुरी बसुधा ही हमारा परिवार है संपूर्ण विशव के लोग के सुख और स्वस्थ की कामना भारतीय दर्शन का मुल है न सिर्फ मनुष्य बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है राम राज के मुल में भी सर्व भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामया की हीभावना है भगवान श्री राम ने सेतु बनाया आज पुरे विशव में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है जिसमें भी राम तत्व होगा वह केवल जोड़ने की बात करेगा तोड़ने की नहीं सत्य प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व है जिसमें ये तत्व होगे वह वंचितों तक पहुचेगा रामकथा भौतिक जीवन में शांति और आनंद प्राप्ति दुख दर्द संकट दूर करने के उद्देश्य से श्री राम जी की कृपा से आयोजन किया जाता है श्री राम कथा ही नहीं बल्कि यह जीवन संबंधित ज्ञान भंडार है राम चरित मानस इसी का चौपाईयां है जो हमें प्रेरणा देती है और यदि हम उनकी बातों को मानते हैं तो वह हमारे जीवन आसान बनाने का काम करती है आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि इस ग्राम में 65 वर्ष से माघी पूर्णिमा के पर्व पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन एवं मेला मंडाई का आयोजन रात्रि में बाहर से आने वाले सभी भक्तों के मनोरंजन के लिए छतिसगढि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है एवं माघी मेला के दिन सुबह से रात्रि तक श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाता है इस वर्ष 4 फरवरी को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जो गली भ्रमण करते हुए गाजे बाजे के साथ वापसी महावीर उद्यान पहुंचे गा श्रीराम कथा स्थल पर दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा मे डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्यमय बनाए यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

## अध्यक्षों ने किया दावा हमारी पार्टी जीतेगी

**कवर्धा, 1 फरवरी।** जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी और महामंत्री संतोष पटेल ने चुनाव परिणाम के सवाल पर दावा करते हुए कहा की भाजपा जीत का इतिहास रचेगी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरी राम साहू ने कहा की कांग्रेस की शानदार जीत होगी । नगर पालिका में अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले अजय पाली ने कहा की कांग्रेस ओर बीजेपी दोनों की हार होगी । वैसे अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है क्योंकि जनता साइलेंट है और जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन टीम अच्छा काम कर रही है ।



## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने कर्मियों को दी भावभीनी विदाई



**भिलाई, 1 फरवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जनवरी 2025 माह में कुल 92 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुएए जिसमें खदान बिरादरी के 05 सदस्यों सहित 17 कार्यपालक व 75 गैर.कार्यपालक शामिल हैं। विदाई समारोह के अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ताए कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा एन के बंछोर ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा। 31 जनवरी को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर.कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्राए मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**साजा, 1 फरवरी।** स्थानीय ''चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय'', धमधा में आयोजित दस दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आज समापन हुआ। यह कार्यशाला महाविद्यालय की प्राचार्य ''डॉ. उषा किरण अग्रवाल'' के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में, समाजशास्त्र विभाग एवं ''आईक्यूएसी'' के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक आयोजित की गई। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से पहली बार इस तरह का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को ''एरिक्सन एप्रोच'', अंतरव्यक्तिक संबंध, नेतृत्व क्षमता, समस्या-निवारण एवं निर्णय लेने की दक्षता, कार्य प्राथमिकता निर्धारण, संचार कौशल (मौखिक एवं गैर-मौखिक), तनाव प्रबंधन, रचनात्मक सोच, प्रस्तुतिकरण कौशल, परिधान चयन, हेयर एवं एसेसरीज़ सेंस, और प्रभावी ''रेस्यूम लेखन'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपने विचार साझा किए। डॉ. दिनेश कुमार लहरी'', सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान, शासकीय दंतेश्वरी महाविद्यालय, दंतेवाड़ा ने नेतृत्व एवं उसके प्रभाव पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शासकीय डीबी गर्ल्स महाविद्यालय, रायपुर'' से आईं दो विशेषज्ञ डॉ. मिनी अलेक्स और डॉ. गौतमी भतपहरी ने भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास से सबंधित प्रभावशाली व्याख्यान दिया। डॉ.अंजना पुरोहित अतिथि वक्ता के रूप में ''संचार कौशल'' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रभावी मौखिक और गैर-मौखिक संचार, परस्पर संवाद के महत्व और आत्मविश्वास से संवाद करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उनका व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागी छात्रों से उनके अनुभव साझा करने के लिए कहा गया। छात्रों ने व्यक्तित्व विकास के इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी और प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक रही, बल्कि उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में भी मददगार साबित हुई। समापन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यशाला के समापन पर कोर्स समन्वयक एवं समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष श्री तरूण कुमार पदमवार ने कार्यशाला का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और सभी विशेषज्ञों, छात्रों, और आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने इस आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला ने उनके व्यक्तित्व को निखारने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार किया।

# भाजपा पाटन में बहाएगी विकास की गंगा, चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर वक्ताओं ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का जोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 1 फरवरी।** नगर पंचायत पाटन में भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ नया बस स्टैंड में किया गया। इस अवसर पर ओबीसी एवं ग्रामीण विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने फीता काटकर और विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यालय का शुभारम्भ किया।ओबीसी एवं ग्रामीण विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि ट्रिपल ईंजन की सरकार बनाकर विकास की गंगा अगर पाटन में बहाना है तो सभी 15 पार्षद सहित अध्यक्ष को जिताकर नगर सरकार बनाएं। दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि जो छत्तीसगढ़ की सरकार जो कहती हैं वो करती है। चाहे पीएम आवास हो, किसानों से धान खरीदी हो या बोनस वितरण हो या महतारी वंदन हो। आने वाले समय मे शहर के भूमि हीन हितग्राहियों को स्वामित्व का पट्टा भी मिलेगा। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी दिलीप साहू, मंडल अध्यक्ष श्रीमति रानी बंछोर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती दिव्या कलिहारी, शरद बघेल, पोसूराम निर्मलकर, खेमराज यदु, कृष्णा पाठक, जगदीश मालपानी, कृष्णा भाले, मेहतर वर्मा, दामोदर चक्रधारी, राजा पाठक, हर्ष भाले, केशव बंछोर, भवन देवांगन, बाबा वर्मा, गंगादीन साहू, योगेश सोनी, सागर सोनी, आदित्य सवर्णी, राजेश वर्मा, छबि श्याम देवांगन, ज्योति प्रकाश साहू,पारखत साहू, पवन देवांगन, हरिप्रसाद आडिल सहित 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रभारी दिलीप कुमार साहू एवं आभार महामंत्री अखिलेश मिश्रा ने किया ।

## सोरम में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पाटन,1 फरवरी।** संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा के तत्वाधान में पांच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक ग्राम सोरम के प्राथमिक शाला प्रांगण में किया गया। इस योग शिविर में स्कूल के बच्चों सहित ग्राम वासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। योग प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ 27 जनवरी को भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना से हुआ। योग प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन चना गुड़ एवं आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक धीरेंद्र वर्मा द्वारा बहुत ही सरल तरीके से योगाभ्यास कराया गया। इस शिविर में डॉक्टर सुकांत कुमार भूमिया आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा ने योग के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में रितु केतु साहू फार्मासिस्ट दीपक यादव औषधालय सेवक एवं सावित्री वर्मा ने अपना सहयोग प्रदान किया इस शिविर में कुल 291 हितग्राहियों ने लाभ लिया।

## रिसाली में योजनाबद्ध तरीके से सफाई कार्य आरंभ करने का प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली,1 फरवरी।** निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली को स्वच्छ रखने पार्षदों की भूमिका को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने वार्डों की तस्वीर बदलने पार्षदों को सामने आकर अभियान स्वरूप कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने का आवाहन किया। खास बात यह है कि रिसाली निगम स्वच्छता की अलख जगाने फरवरी प्रथम सप्ताह से ही पूरे वार्डो में एक साथ भ्रमण कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। उक्त बातें उन्होंने पार्षदों की कार्यशाला में कही। निगम आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले मिक्स कचरे की निष्पादन करना चुनौती है। अगर शुरुआती दौर से नागरिकों का सहयोग मिले तो यह कार्य आसान हो जाएगा। अन्यथा एक समय के बाद यह समस्या विकराल रूप में सामने आता है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कार्यशाला में आग्रह की है कि पार्षद की थोड़ी सी सक्रियता रिसाली को सुंदर बना सकती है। केवल जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला में निगम सभापति केशव बंछोरए एमआईसी सनीर साहूए डॉ, सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, मनीष यादव, सारिका साहू, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, ममता यादव, विलास बोरकरए ईश्वरी साहूए सरीता देवांगनए रंजीता बेनुआए टीकम साहू, हरिशचन्द्र, शीला , गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, रोहित, सविता ढवस आदि उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि फरवरी प्रथम सप्ताह से हम योजनाबद्ध तरीके से सफाई कार्य आरंभ करने का प्रयास कर रहे है। टाउनशिप को छोड़ रिसाली को चार भागों में विभक्त कर 20.20 स्वच्छता मित्र का 2 गैंग बनाए है। आयुक्त ने कहा कि निगम के कई वार्ड में ऐसे स्थान हैं जहां लोग सार्वजनिक रूप से कचरा फेंकते हैं । ऐसे स्थानों को निगम ने चिन्हित किया है। उस स्थान को बेहतर करने कार्य योजना है। लेकिन यह कार्य पार्षद के सहयोग बिना अधूरा है।

## फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को किया जायेगा व्यवस्थापित

**भिलाई,1 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के बाजारों में रेह चाटए खोमचा, फल, जूस पान ठेला मोची धोबी चना-मुर्राए आईसक्रीम पार्लर,चुस्की, चैमीन इत्यादि बेचने वाले अवैध रूप से दुकान लगाकर बेचते रहते हैं। निगम द्वारा बार-बार उन्हें हटाया जाता है। ऐसे फूटकर विक्रेताओं को व्यवस्थापित करने के लिए निगम के जोन.1 नेहरू नगर में 35 व्यवस्थित रूप से दुकानो का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें होगा पक्का निर्माण टायलेट ब्लाक, सोलार लाईट, पार्किंग, सौदर्यीकरण इत्यादि जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ प्रस्तावित है। इससे व्यापारियों को एक स्थायित्व मिल सकेए निगम एवं विक्रेताओं के बीच एक अनुबंध होगाए उनको कागजात मिलेगा। जो स्थायित्व होगा वे अवैध कब्जाधारी नहीं कहलायेगे। एक निर्धारित स्थल होगाए जहां पर आवश्यकतानुसार नागरिक आकर खरीद सकते हैं। शासन की महत्वाकांक्षी योजना है. सभी को रोजगार मिले। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेयए जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर प्रस्तावित स्थल नेशनल हाईवे के समीप निरीक्षण करने गये। आयुक्त का कहना था कि दुकानें ऐसी बनें जो सबके लिए उपयोगी हों। डिजाईनए पार्किंग बैठने की व्यवस्था, लाईट, पीने का पानी, शौचालय,सौदर्यीकरण आदि का उचित प्रबंध हो।

## एक नज़र

### जनपद सदस्य के लिए अब तक 46 नामांकन पत्र दाखिल

**डोंगरगढ़ ,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** विकासखंड डोंगरगढ़ जनपद सदस्य के लिए कुल 46 प्रत्याशियों के द्वारा अभी तक नामांकन पत्र धूमधाम के साथ समर्थकों की उपस्थिति में दाखिल किया गया है



तो दूसरी ओर नामांकन पत्र भरने के तीन दिवस बीत जाने के बाद भी क्षेत्र क्रमांक 15 व 17 में कोई भी प्रत्याशी अभी तक नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है. क्षेत्र क्रमांकवार जो नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं. क्षेत्र क्रमांक 01 से 02 प्रत्याशी, 02 से 02 प्रत्याशी, 03 से 04 प्रत्याशी, 04 व 05, 06, 07,11,16,19,21,24, 25 से 01- 01 प्रत्याशी तो क्षेत्र क्रमांक 08,09,12,13,14 से 02-02 प्रत्याशियों ने तो क्षेत्र क्रमांक 10 से 04 प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 18, 20, 23 से 03-03 प्रत्याशी तो क्षेत्र क्रमांक 22 से 05 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. क्षेत्र क्रमांक 10 से 04 प्रत्याशियों ने दलबल के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है. प्रत्याशी का नाम श्रीमति सरिता ओमप्रकाश मंडावी तो दूसरा अशोक ठाकुर तो तीसरा मनोज नेताम के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है.

### सोने के आभूषण की चोरी

**राजनांदगांव ,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रार्थी रूपलाल साहू पिता श्यामलाल साहू निवासी सीताकसा थाना गैंदाटोला द्वारा दिनांक 30 जनवरी 2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पत्नी धनेश्वरी साहू का अपने घर के आलमारी में रखे 02 नग सोने की इयररिंग, 08 नग सोने का गले की पत्ती, 04 नग सोने का गेहूं दाना कीमती 75000 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला में अज्ञात




व्यक्ति के विरुद्ध अपराध क्रमांक 8/2025 धारा 305, 331 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में चोरी के आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में विवेचना दौरान प्रार्थी के घर के पड़ोस में रहने वाली अपचारी बालिका से पूछताछ करने पर आरोपी पूनम चंद्र डोंगरे पिता मदनलाल डोंगरे निवासी सीताकसा को बेचने देना बताने पर साथ ही आरोपी पूनम चंद्र डोंगरे से पूछताछ करने पर आरोपी के बताने पर उसके कब्जे से 02 नग सोने की इयररिंग, 08 नग सोने का गले की पत्ती, 04 नग सोने का गेहूं दाना कीमती 75000 रुपए को बरामद कर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी पूनम चंद्र को न्यायिक रिमांड पर एवं अपचारी बालिका को बालिका संप्रेषण गृह राजनांदगांव भेजा गया।

### जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 घोरदा से भेलस साहू ने नामांकन दाखिल किया

**डोंगरगांव ,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)** ।छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए नामांकन जोरो पर है हर एक पंचायत एवं जनपद क्षेत्रो से प्रत्याशी नामांकन एवं टिकट के लिए भरपूर दम लगा रहे है। प्रत्याशियों एवं ग्रामीणों मे खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर के दिग्गज नेता के रूप मे जाने जाने वाले भेलस साहू ने भी जनपद



पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 घोरदा से जनपद सदस्य के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 के अंतर्गत घोरदा, बुद्धूभरदा, किरगी, बनहरादी ग्राम शामिल है जंहा के ग्रामीणों का भरपूर सहयोग भेलस साहू को हमेशा से रहा है, गौरतलब है की इसी क्षेत्र मे भेलस साहू 3 पंच वर्षीय ग्राम बुद्धूभरदा से सरपंच, एवं पानी पंचायत के अध्यक्ष रह चुके है इनके सरपंच रहते ग्राम पंचायत मे विकास एवं उन्नति भरपूर देखने को मिली साथ ही इनकी पत्नी प्रीति भेलस साहू भी इसी क्षेत्र से चुनाव लड़ जनपद अध्यक्ष रह चुकी है। अपनी कार्य कुशलता एवं सालो का अनुभव एवं संचालन भेलस साहू को निश्चय ही इस चुनाव मे काफ़ी धनात्मक साबित होगा।भेलस साहू के नामांकन पूर्व क्षेत्र के पंचायतो मे त्यौहार का माहौल देखने को मिला। प्रत्याशी से अधिक उत्सुखता ग्रामीणों मे देखा गया। ग्रामीणों के उत्साह एवं सहयोग को देखते हुए प्रत्याशी निश्चित विजय की ओर अग्रसर दिखाई दे रहे है।

### बिना अनुमति सिग्नल पोल में लगे विज्ञापन बोर्ड को निगम ने हटाया

**राजनांदगांव ,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज सिग्नल पोलों में बिना अनुमति के लगे विज्ञापन बोर्ड को निगम की टीम ने हटाई। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों/ व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है.

# भाजपा प्रत्याशियों को जिताएं, विकास की गारंटी हमारी : विष्णुदेव साय

**रायपुर,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा के महापौर पद सहित सभी 70 पार्षद प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के पक्ष में खड़ी है और विकास चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार को बने 13 महीने हुए हैं और इस दौरान हमने जो काम किए हैं, जनता ने उन्हें देखा और सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 से पहले कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटालों का बोलबाला था। हर क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार किया, जिसका नतीजा अब घोटालेबाजों के जेल जाने के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच करवाई और दोषियों को जेल भेजा गया।

**भाजपा सरकार ने दिए विकास को नए आयाम**-साय ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में हर घर को किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक माताओं और बहनों को ?1000 प्रति माह दिया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में तेंदूपत्ता की खरीदी दर ?4000 से बढ़ाकर ?5500 प्रति मानक बोरा कर दी गई है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में 7000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर नगर निगम के अंतर्गत 1,87,000 बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। स्वामित्व कार्ड योजना के तहत हजारों लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक दिया गया है, जिससे वे अब बैंक



लोन भी ले सकते हैं।

**रायपुर में ट्रिपल इंजन सरकार की जरूरत**-मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रायपुर में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है ताकि विकास कार्यों की गति और तेज हो। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को मतदान होना है और भाजपा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मतदाताओं को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिलने वाली है और पूरे प्रदेश में भाजपा का झंडा लहराएगा।

**भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश हाई- किरण सिंह देव**-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि रायपुर नगर निगम चुनाव का शंखनाद हो चुका है और भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ठाना है कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की योजनाओं का लाभ जनता तक तेजी से पहुंच रहा है, जिससे भाजपा के पक्ष में लहर बनी हुई है।

**71 कमल खिलाने का लिया संकल्प- अरुण साव**-उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि रायपुर के कार्यकर्ताओं ने पहले सांसद और चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा को जिताया, अब बारी महापौर और पार्षदों की है। उन्होंने कहा कि रायपुर को संवारने के लिए 71 कमल खिलाने का संकल्प लेना होगा।

**महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे का आत्मविश्वास**-भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम से कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सच्चाई और भ्रष्टाचार के बीच है और भाजपा को जिताना हर कार्यकर्ता का संकल्प होना चाहिए।

**कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भारी भीड़**-भाजपा द्वारा रायपुर नगर निगम चुनाव के मद्देनजर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ता और आमजन पहुंचे। इस भीड़ ने साबित कर दिया कि जनता भाजपा और मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल पूरी तरह से अनुकूल है। सम्मेलन में महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे, सभी पार्षद प्रत्याशी, निवर्तमान पार्षद और हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हमारी नीति स्पष्ट है, बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से : विष्णु देव साय

**रायपुर ,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

हमारी नीति स्पष्ट है - बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से। जो भी नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उनके लिए हमारी सरकार द्वारा बेहतर जीवन और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो हिंसा का रास्ता छोड़ गणतंत्र का मार्ग अपनाते हैं, उनका स्वागत है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में लगातार नक्सलियों द्वारा किये जा रहे आत्मसमर्पण पर सुरक्षाबल के जवानों को बधाई देते हुए, उनके अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि - आज कांकेर जिले में 7 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिन पर कुल 32 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इससे पहले नारायणपुर जिले के 27 एवं सुकमा जिले के 52 लाख के ईनामी 9 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह हमारी सरकार



की प्रभावी आत्मसमर्पण नीति और नक्सलवाद के सफाए के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियानों का प्रत्यक्ष परिणाम है। सीएम साय ने कहा कि अब तक 941 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 1,112 नक्सलियों को हमारे सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। नक्सली मुठभेड़ों में 265 नक्सलियों का खात्मा हुआ है। नक्सलवाद की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर और बेहतर जीवन की उम्मीद में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मैं अपने बस्तर दौरे के दौरान अक्सर आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिलता हूं। उनसे बातचीत में यह साफ झलकता है कि खोखली माओवादी विचारधारा को छोड़कर वे आज बेहतर जीवन जी रहे हैं और खुश हैं। घोर नक्सल प्रभावित जिलों के चिन्हित ग्रामों में नक्सल आधार को खत्म करने के लिए शासकीय योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे और मूलभूत आवश्यकताओं का विकास कर रही है। विष्णु देव साय ने कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। तय समय-सीमा के भीतर माओवाद के आतंक का अंत होगा। बस्तर में जल्द ही अमन, चैन और शांति का माहौल स्थापित होगा।

# नपा प्रशासन पर काबिज होने के लिए चुनाव चिन्ह आबंटित

**डोंगरगढ़ ,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नामांकन वापसी के समय सीमा समाप्त होने के बाद वार्ड पार्षद प्रत्याशियों की सूची चरणबद्ध तरीके से सूचीबद्ध कर निर्दलीय व बागी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबन्टित किया गया. 04 वार्डो में ट्राई की स्थिति निर्मित होने के बाद लाट निकालकर चुनाव चिन्ह आबन्टित किया. मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए किसी भी प्रत्याशी के द्वारा नामांकन वापस नहीं लिया गया है, वार्ड पार्षद पद के 08 उम्मीदवारों ने समय सीमा में वापस लिया गया है. वार्ड क्रमांक 02 से सुरेंद्र अंबादे वार्ड क्रमांक 08 बबलू खोब्रागढ़े वार्ड क्रमांक 09 से सावन टेम्भुरकर वार्ड क्रमांक 13 से जितेंद्र सिंग बाबू वार्ड क्रमांक 15 से गीता मानिकपुरी वार्ड क्रमांक 17 से मुकेश अग्रवाल व संजीव गोमास्ता वार्ड क्रमांक 20 से मोहन कोटले नाम वापस लेने वाले में 02 भाजपा के तो वहीं 04 कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया है. नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जो प्रत्याशी मैदान में है भाजपा से रमन डोंगरे कांग्रेस से नलिनी मेश्राम. निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मुकेश रामटेके को बाल्टी चुनाव चिन्ह, भारत भूषण मेश्राम को आटो रिक्शा अम्बरीश टांडिया को स्लेट तो दीपक उईके को सीटी चुनाव चिन्ह दिया गया है. तो दूसरी ओर पार्षद पदों के लिए 76 प्रत्याशी अभी भी चुनाव मैदान में है. वार्ड क्रमांक 01 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 02 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 03 में 07 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 04 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 05 में 06 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 06 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 07 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 08 में 08 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 09 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 10 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 11 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 12 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 13 में 04 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 14 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 15 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 16 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 17 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 18 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 19 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 20 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 21 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 22 में 03 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 23 में 02 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 24 में 02 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है जिन्हे चुनाव चिन्ह आबन्टित कर दिया गया है. माना जा रहा है कि 01 फरवरी से चुनाव प्रचार में तेजी आयेगी.

# 63 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

**राजनांदगांव ,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 22 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया तथा 15 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 32 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है तथा कुल 63 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए किरण बारले, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए श्रीमती मधु बघेल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए ललिता साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए भागवत दास साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए धनेन्द्र कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए भोजेश्वरी साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए विमल साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए रिता नाहटा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-आसरा के लिए जागृति यदु, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-आसरा के लिए नीलम साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए रामनाथ वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए दीपक कुमार सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7- तुमड़ीबोड़ के लिए महेन्द्र वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8-बेलगांव के लिए अनिता तिवारी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8- बेलगांव के लिए पुष्पा वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8- बेलगांव के लिए किरण साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-राका के लिए प्रभा बाई साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10-बोरतलाब के लिए अनिता ठाकुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनी चारभाठा के लिए बिरम बाई मंडावी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनी चारभाठा के लिए अश्वनी मंडलोई, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला.

# मप्र निर्मित अवैध शराब पर मोहारा पुलिस की कार्रवाई

**डोंगरगढ़ ,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

खँडहरनुमा घर से मध्यप्रदेश की नान ड्यूटी अवैध शराब को पकड़ने में मोहारा पुलिस को सफलता हाथ लगी है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने व क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने व अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है. इसी कड़ी में 30 जनवरी 2025 को मोहारा पुलिस को ग्राम रूवांतला निवासी अजीत वैष्णव द्वारा अपनी बुआ सुरेखा वैष्णव के खण्डहर मकान में पांच खाकी रंग के कार्टुन में म0प्र0 निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब अवैध रूप से बिक्री करने के लिये रखा हुआ है कि सूचना मिलने पर मोहारा पुलिस आरोपी अजीत वैष्णव पिता विष्णुदास वैष्णव उम्र- 22 साल साकिन ग्राम रूवांतला ओ0पी0 मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के घर एवं उसके सरंक्षण के उसकी बुआ के खण्डहर घर की




तलाशी लिया गया जिस पर उसके बुआ के खण्डर घर में जिसका देख-रेख अजीत वैष्णव करता है जिसमें 05 खाकी रंग के कार्टुन में म0प्र0 निर्मित अंग्रेजी गोवा स्प्रीट स्मूथनेश व्हीस्की शराब प्रत्येक कार्टुन में 50-50 नग जिसमें प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई लगभग 250 नग पौवा कुल मात्रा- 45.000 बल्क लीटर किमती- 33750/-रू0 मिला जो आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु शराब रखना पाये जाने से उक्त शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रकरण में शराब छोड़ने वाले अन्य आरोपी बिना नंबर के काला रंग की शीशे वाले स्कॉर्पियो के चालक नंदकिशोर उर्फ नीतू वर्मा उर्फ छोटे कट्टी निवासी मोहारा की पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक ढाल सिंह साहू,सउनि महेंद्र यादव प्र0आर0- महादेव साहू, आरक्षक मनीष सोनकर, मणी ठाकुर, अश्वनी कुर्रे का विशेष योगदान रहा है!

# 40वीं वाहिनी, आईटीबीपी को मिली 'सर्वश्रेष्ठ ए.एन.ओ. बटालियन' ट्रॉफी

**डोंगरगढ़ ,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की आठ बटालियन छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान हेतु तैनात हैं। हर साल, आईटीबीपी के नक्सल विरोधी अभियान में तैनात समस्त बटालियनों की कार्यप्रणाली का निर्धारित मापदण्ड के अनुसार वार्षिक मूल्यांकन किया जाता है, जिसके आधार पर %सर्वश्रेष्ठ ए.एन.ओ. बटालियन% का चयन किया जाता है। चयनित बटालियन को आईटीबीपी बल के स्थापना दिवस (24 अक्टूबर) के अवसर पर एक प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित की जाती है। यह मूल्यांकन बटालियनों की कार्यप्रणाली, उनके प्रदर्शन, और नक्सल विरोधी अभियानों में उनकी सफलता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। इसी क्रम में, वर्ष 2024 के लिए 40वीं वाहिनी आईटीबीपी को नक्सल विरोधी अभियान में अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और उच्चतम प्रदर्शन के कारण 'सर्वश्रेष्ठ ए.एन.ओ. बटालियन' घोषित किया गया है तथा बल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान आईटीबीपी के महानिदेशक द्वारा किया गया। कैम्प में उपस्थित समस्त अधिकारियों, अधीनस्थ कर्मचारियों और जवानों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी ने




श्री अनन्त नारायण दत्ता, कमांडेन्ट 40वीं वाहिनी को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज, 31 जनवरी 2025 को डोंगरगढ़ स्थित 40वीं वाहिनी मुख्यालय में 'सर्वश्रेष्ठ ए.एन.ओ. बटालियन' की ट्रॉफी के साथ श्री अनन्त नारायण दत्ता कमान्डेंट के आगमन पर भव्य स्वागत ट्रॉफी के साथ देशभक्ति गीतों पर नृत्य और संगीत का आयोजन किया, जिससे समारोह में जोश और उत्साह का माहौल बना। श्री अनन्त नारायण दत्ता ने अपने संबोधन में अधिकारियों और जवानों के योगदान की सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ट्रॉफी केवल एक प्रतीक है, लेकिन इसकी प्राप्ति हम सभी के सामूहिक प्रयासों और कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ इस संघर्ष में हर एक जवान का योगदान महत्वपूर्ण होता है और इसी तरह के समर्पण से ही हम अपनी सफलता की नई ऊँचाइयाँ हासिल कर सकते हैं। कमांडेंट श्री दत्ता ने जवानों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि भविष्य में इसी प्रकार की मेहनत और ईमानदारी से काम करते हुए हम देश की सुरक्षा को और भी मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि 40वीं वाहिनी अपनी आगामी चुनौतियों को भी इस जोश और उत्साह के साथ पार करेगी। इस अवसर पर 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमान श्री विनोद शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्री अमित पाण्डेय, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा धावालिकर, टीआई डोंगरगढ़ श्री जितेन्द्र वर्मा, कई स्थानीय गणमान्य लोग, मीडिया कर्मी और अन्य उपस्थित रहे।

# सायबर अपराध के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

**राजनांदगांव,1 फरवरी।** दिनांक 23.01.2025 को प्रार्थी रूपेश साहू संचालक च्वाईस सेंटर स्टेशन रोड निवासी लखोली राजनांदगांव ने थाना सिटी कोतवाली राजनांगदगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक ऑफ बड़ोदा स्थित बैंक खाता में दिनांक 22.12.2024 को राजनांदगांव निवासी आशुतोष शर्मा के द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक कही से ठगी गई रकम कुल 90000/- रूपये को मंगाने से प्रार्थी का उक्त बैंक खाता फ्रीज हो गया है। प्रार्थी की सूचना पर आरोपी आशुतोष शर्मा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 33/25 धारा 318(4) बीएनएस, 66(सी) आई.टी. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों में म्यूल बैंक एकाउण्ट के उपयोग को देखते हुए कड़ी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री रामेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक श्री विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश करने हेतु टीम गठित किया गया। पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम आरोपी आशुतोष शर्मा से कड़ाई से पूछताछ की गई। आशुतोष शर्मा ने बताया कि श्रेणिक उर्फ अजय मेहेर निवासी वल्साड गुजरात के कहने पर आरोपी शुभम तिवारी निवासी डोंगरगढ़ व दीपक नरेडी व अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके द्वारा प्रार्थी रूपेश साहू, स्वयं के, अपने परिवार एवं अन्य परिचितों के बैंक खातों को श्रेणिक उर्फ अजय मेहेर निवासी वल्साड गुजरात को उपलब्ध कराया है।

# राजनांदगांव के महापौर पद के लिए 11 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद के लिए 176 चुनाव मैदान में

**राजनांदगांव ,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर पद के लिए 11 अभ्यर्थी एवं पार्षद पद के लिए 176 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। महापौर पद से 2 एवं पार्षद पद से 54 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस लिया। महापौर पद से अजीत जैन एवं डॉ. केएल टांडेकर ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली है। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर श्री खेमलाल वर्मा द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद एवं पार्षद पद के लिए अभ्यर्थियों को प्रतीकों का आबंटन किया गया। महापौर पद के लिए आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश स्वर्णकार को झाड़ू, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी मधुसुदन यादव को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी निखिल द्विवेदी को हाथ, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी शमसुल आलम को हाथी, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अभ्यर्थी महेन्द्र लाल जंघेल को छड़ी, शिव सेना के अभ्यर्थी माखन यादव को तीर-कमान, निर्दलीय अभ्यर्थी दीपा लव रामटेके को लैपटॉप, निर्दलीय अभ्यर्थी भाई केवल रजक को चक्की, निर्दलीय अभ्यर्थी राजेश गुप्ता (चम्पू) को सीटी, निर्दलीय अभ्यर्थी राकेश कुमार ठाकुर को बाँसुरी, निर्दलीय अभ्यर्थी संदीप शुक्ले क्रिकेट कोच' को सीसीटीवी कैमरा प्रतीक आबंटित किया गया है।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी खेमलाल साहू को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी राजा तिवारी को हाथ एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्री कमल मिश्रा को सिलाई की मशीन, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद पद के लिए आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी रवि कुमार देवांगन को झाड़ू, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी सावन कुमार वर्मा को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी सुरेन्द्र देवांगन को हाथ एवं निर्दलीय अभ्यर्थी शालिनी मानिकपुरी को बल्ला, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश कुमार बंधे को कमल एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी शैलेश ठावरे को हाथ, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्यामा सुखदेवे को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी सुनील रामटेके को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी बैना बाई टुरहाटे (बहनजी) को बल्ला एवं निर्दलीय अभ्यर्थी राजूराम टंडन को आरी, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस अभ्यर्थी सरोज यादव को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्रुति लोकेश जैन को कमल, निर्दलीय अभ्यर्थी कल्पना रविन्द्र ठाकुर को सिलाई की मशीन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी पार्वती निषाद को ब्लैक बोर्ड, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी देवेश वैष्णव को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कन्हैया (सुनील) साहू को कमल एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के महेन्द्र लाल जंघेल को चिमटा, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी रितिका मधुकर बंजारी को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी तृप्ति (मन्टू) को कमल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी सरला मेश्राम को कैमरा, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी किशन सिन्हा को हाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी मनोहर यादव को कमल, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी अपूर्वा समीर श्रीवास्तव को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी कुसुम रूपेश दुबे को हाथ, आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी प्रियंका वर्मा को झाड़ू एवं निर्दलीय अभ्यर्थी सुधा कश्यप को हांडी, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी अमर झा को हाथ, आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी मंगल सिंह राजपूत को झाड़ू, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी प्रहलाद फुले को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी शिव वर्मा को कमल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी समीर खान को बल्ला, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी अनिल गजभिये को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी छोटेलाल रामटेके को हाथ, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी नरेन्द्र उके को हाथी, आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी राजेन्द्र (बबलू) सोनी को झाड़ू एवं निर्दलीय अभ्यर्थी सिद्धार्थ डोंगरे को सिलाई की मशीन, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पद के लिए बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी दीपक लाल खापर्डे को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संदीप बघेल को कमल, आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी विद्या तिरपुड़े को झाड़ू, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी विशाल गढ़े को हाथ एवं निर्दलीय अभ्यर्थी शशांक डोंगरे को सिलाई की मशीन, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी डॉ. अरविन्द सिन्हा को कमल एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी हफीज खान को हाथ प्रतीक आबंटित किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी मुकेश चौबे को कमल एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी सतीश मसीह को हाथ, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी अंशुका बहेकर को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी प्रमोद कुमार झंझाडे को कमल, निर्दलीय अभ्यर्थी मोनिका रजक (भोला) को बल्ला एवं निर्दलीय अभ्यर्थी विनोद रजक को सिलाई की मशीन.

## संपादकीय

### परिवार के पास ही सत्ता रहनी चाहिए...

सत्ता का स्वाद एक बार मिल जाता है तो सत्ता से बड़ा मोह हो जाता है। सत्ता के बगैर जीवन में खुशी नहीं रह जाती है,सत्ता के बगैर जीवन अधूरा लगता है। ऐसा लगता है कि अपना कोई अस्तित्व ही नहीं रह गया है, पहले की तरह कोई पूछता नहीं है।अपने शहर में अजनबी सा हो जाता आदमी। इसलिए कोशिश तो बहुत लोग करते हैं कि वह हमेशा सत्ता पर रहें, किसी पद पर रहें।सांसद नहीं तो विधायक रहें,विधायक नहीं तो जिला पंचायत अध्यक्ष रहें, जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं तो नगर पंचायत अध्यक्ष रहें, कुछ नहीं तो पार्षद,सरपंच या पंच रहें।एक एक पद के लिए लोगों की लाइन लगी रहती है जब भी चुनाव होता है तो हजारों लोग कोशिश करते हैं कि कहीं कोई पद मिल जाए। किसी चुनाव में लड़ने के लिए टिकट मिल जाए। कोशिश तो बहुत लोग करते हैं लेकिन सफल कम ही लोग होते हैं। जिन लोगों को किसी पद के लिए टिकट मिल जाता है, वह भाग्यशाली होते हैं, जो जीत जाते हैं वह सौभाग्यशाली होते हैं।सत्ता का स्वाद जिसको मिल जाता है, वह सौभाग्यशाली बने रहना चाहता है, वह चाहता है कि उसे फिर से टिकट मिल जाए। बहुत कम लोग होते हैं जो दूसरी, तीसरी बार सौभाग्यशाली बने रहते हैं। ऐसे लोग जो खुद एक दो बार सौभाग्यशाली बन जाते हैं, उनको सत्ता का बड़ा मोह जाता है, वह सोचते हैं कि कैसे सत्ता परिवार में रहे। यानी सत्ता में मैं न रहूं तो मेरी पत्नी रहे, मेरा भाई रहे, मेरा पुत्र रहे। कांग्रेस में इसे बुरा भी नहीं माना जाता है। कांग्रेस में परिवारवाद ऊपर से लेकर नीचे तक है। सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनका बेटा सांसद बने, उनकी बेटी सांसद बने तो नीचे कांग्रेस का नेता ऐसा क्यों नहीं चाह सकता।कहते हैं कि महाजन जिस रास्ते पर चलता है, वही रास्ता है, तो गांधी परिवार जिस रास्ते पर चलता है,वही रास्ता है। उसी रास्ते पर प्रमोद दुबे चल रहे हैं तो कोई गलत थोड़ी न कर रहे हैं,खुद मेयर नहीं बन सके तो पत्नी को मेयर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। एक नेता ऐसा करता है दूसरे नेता भी सोचता हैं, मैं क्यों नहीं कर सकता सो एजार ढेबर भी अपनी पत्नी को चुनाव लडवा रहे हैं। खुद भी चुनाव लड़ रहे हैं।महापौर न सही पार्षद का पद सही परिवार मे रहना चाहिए।नागभूषण राव खुद पार्षद का चुनाव नहीं लड़ पाए तो अपनी पत्नी को टिकट दिला दिया,सुंदर लाल जोगी की जगह उनकी पत्नी को टिकट दिया गया,उत्तम साहू की जगह उसकी पत्नी को टिकट दिया गया है।चिरमिरी में तो उल्टा हुआ है,मेयर पत्नी को टिकट नहीं दिया तो पति पूर्व विधायक विनय जायसवाल को मेयर का टिकट दे दिया है। पति पत्नी चाह सकते हैं कि सत्ता परिवार में रहे तो भाई-भाई भी चाह सकते हैं।गरियाबंद के देवभोग नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए दो भाई आमने सामने हैं। बड़े भाई विनोद पांडे कांग्रेस से प्रत्याशी हैं तो छोटे भाई मुन्नू राम पांडे भाजपा से प्रत्याशी हैं। यह भी सत्ता को परिवार के पास रखने का एक अच्छा तरीका है। दोनों भाई में से कोई भी जीते, सत्ता तो परिवार के पास ही रहनी है। भाजपा व कांग्रेस के नेताओं में जैसे सांप नेवले जैसे बैरभाव होता है, अच्छा है दोनों भाइयों में ऐसा बैर नहीं है, वे कहते है कि दोनों भाइयों के बीच कोई मनमुटाव नहीं है।अच्छी राजनीति का दोनों भाई उदाहरण हैं। राजनीति में नेताओं के बीच ऐसे ही भाई भाई जैसा संबंध रहे तो राजनीति में आज जो कटुता आ गई है, वह नहीं रहेगी। कई लोग जहां पार्टी में परिवारवाद तो बढ़ावा देने के पक्ष में रहते हैं, वहीं भाजपा के एक विधायक विनायक गोयल कहते हैं कि हम परिवारवाद को बढ़ावा देना नहीं चाहते हैं, मेरी पत्नी की जगह पार्टी किसी और को मौका दे दे। विधायक विनायक गोयल की पत्नी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहीं हैं, उनको टिकट मिल गई है, लेकिन विधायक विनायक गोयल ने पार्टी अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि उनकी पत्नी की जगह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता को टिकट दे दिया जाए।राज्य में बहुत सारे राजनीतिक दल हैं लेकिन दलों में बहुत ही कम नेता होंगे जो चाहेंगे कि उनकी पत्नी को जो टिकट मिला है, वह पार्टी के किसी कार्यकर्ता को दे दिया जाए। जब पार्टी में विनायक गोयल जैसे नेता रहते हैं तो आम कार्यकर्ता को बढ़ावा मिलता है, उसे चुनाव लड़ने का मौका मिलता है, किसी अकलतरा गुपचुप बेचने वाली भाजपा कार्यकर्ता संतोषी कैवर्त्य को मौका मिलता है,नगर पंचायत राहौद में पान बेचने वाले भाजपा कार्यकर्ता योगेश देवांगन को मौका मिलता है। पीएम मोदी जो कहते हैं कि राजनीति में एक लाख गैर राजनीतिक परिवार से युवाओं को आना चाहिए। वह इसी तरह आ सकते हैं जब पार्टी में ज्यादातर लोग विधायक विनायक गोयल की तरह हों सामान्य कार्यकर्ता को बढ़ावा देने वाले।

बसंत पंचमी

# शांति, संस्कृति एवं शिक्षा का महापर्व है बसंत पंचमी

ललित गर्ग



बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख सांस्कृतिक एवं धार्मिक त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के सौंदर्य, नई शुरूआत, और सकारात्मकता का उत्सव भी है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा से मन में शांति और ज्ञान का संचार होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में शिक्षा, कला, सौन्दर्य और प्रकृति का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था। बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है, मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली भी प्रसन्न होती हैं। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है, इसलिए बसंत पंचमी से होली के त्योहार की शुरूआत मानी जाती है।

मान्यता है कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए। सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं। बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरूआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीघार्यु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें। बसंत पंचमी के साथ, बसंत ऋतु की शुरूआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरूआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है, यही इसका अलौकिक सौन्दर्य है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का



निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्म-ाजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी, वीणा और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणावादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आज आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। आपके परिवार के बड़े सदस्य यदि आपको काम को लेकर कोई सलाह दें तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आपको अपने घर-परिवार के मामले को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। यदि आपने किसी को कुछ कर्ज दिया था तो आप उसको आसानी से उतार सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा का साधन व्यय करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा काम मिलने से आपकी मेहनत अधिक रहेगी लेकिन आप उस काम में बिना सोचे समझे हाथ ना बढ़ाएं। आज आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी पुरानी देनदारियों को भी चुकता करेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आपने धन उधार लेने का सोचा है तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। काम के सिलसिले में आपको आज यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपकी सेहत संबंधित समस्याएं बढ़ेंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी।

कर्क- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए खुशियां लेकर आने वाला है। यदि आप किसी दूसरी नौकरी की तलाश कर रहे थे तो आपको कोई बेहतर अवसर मिल सकता है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश करेंगे। आप अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देंगे। आप माताजी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मिलाने लेकर जा सकते हैं। आप मन में किसी के प्रति दुर्भावना ना रखें। किसी ने आपसे धन उधार लिया था तो वह आपको वापस दे सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने आप को ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में कुछ बदलाव हो सकते हैं। आपको अपनी अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। आज आप किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई लोन लेने की सोच सकते हैं। आपके पिताजी पारिवारिक बिजनेस को लेकर आपको कोई सलाह देंगे। आज आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें क्योंकि आपको कोई पेट संबंधित समस्या हो सकती है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। घर परिवार में लोग आपके कामों की तारीफ करेंगे। आपको अपने कामों को समय रहते निपटाने की कोशिश करनी होगी। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपके बॉस आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे सकते हैं। आपके कामों को प्रोत्साहन मिलेगा। किसी धार्मिक आयोजन में आप सम्मिलित होंगे। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला समय रहते हल होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। शौक मौज की चीजों पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। प्रेम में सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। वैवाहिक जीवन में कुछ नयापन रहेगा। आपके अधिकारी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी देंगे। आज आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में कोई झूठा आरोप लगा सकता है। यदि ऐसा हो तो आप भी अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि रहेगी। आपको किसी संपत्ति की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को आज कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको आज अपने सहयोगियों की कोई बात बुरी लग सकती है। विद्यार्थियों को किसी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करनी होगी, तभी उन्हें सफलता मिलेगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आज आप आनंद में समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी से उधार के लेनदेन में पड़ने से बचना होगा और आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप मेल मिलाप करने जा सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई सम्मान मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपकी किसी बात को लकर कार्यक्षेत्र में कोई लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अति उत्साहित होने से बचना होगा। कुछ नए कामों के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। आप बिजनेस में किसी दूसरे से सलाह ना करें। पारिवारिक जीवन में यदि कुछ समस्याएं चल रही थीं तो वह भी दूर होंगी। भाई बहनों का आज आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु गुम हो गई थी तो वह आपको मिल सकती है। माता जी की सेहत में गिरावट आने से परेशान रहेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी भी कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपका पूरा लाभ मिलेगा। व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें, आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या बढ़ सकती है। आपकी लापरवाही के कारण आज कार्यक्षेत्र में आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप आवेश में आकर खर्च न करें क्योंकि लोग आपको बहकाने की कोशिश करेंगे। आज आपको कोई चोट लगने की संभावना है, इसलिए आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपके पड़ोस में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य से आप धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह आपको मिल जाएगी। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपको अपने पारिवारिक मामलों पर थोड़ा ध्यान देना होगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं का जाल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



शहर का नाम था सुखपुर, जहां हर तरफ स्वास्थ्य सेवाओं का ढोल पीटा जाता था। अस्पतालों में मरीजों की कतारें लगी रहती थीं और डॉक्टरों की दवाएं इतनी महंगी थीं कि गरीबों का इलाज करना तो ख्वाब जैसा ही था। लेकिन सुखपुर के मेयर, श्री मनोहर बबुआ, अपने शहर की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बहुत गंभीर थे। वे अक्सर कहते, हमारे अस्पताल दुनिया के सबसे अच्छे हैं। एक दिन, शहर के एक गली में रहने वाले रामु भइया, जो एक गरीब किसान थे, को तेज बुखार हो गया। उनकी पत्नी, सीता, परेशान हो गईं और सोचने लगीं, क्या करूँ? अस्पताल ले जाना पड़ेगा, लेकिन पैसे नहीं हैं। उन्होंने सोचा कि शायद उनके पड़ोसी, जो एक सस्ते क्लिनिक में काम करते थे, उनसे मदद मांगने जाएं। जब उन्होंने पड़ोसी से बात की, तो उन्होंने कहा, अरे, क्यों परेशान होती हो? अस्पताल में जाओ, वहां सरकार ने सब कुछ फ्री कर दिया है। सीता ने सोचा, क्या सच में? क्या सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज मिल सकता है? और उन्होंने रामु को तैयार किया। दोनों अस्पताल पहुंचे। वहां पहले से ही भीड़ लगी हुई थी। क्लिनिक में लोगों की एक लंबी लाइन थी, और हर किसी का चेहरा चिंता और दर्द से भरा हुआ था। रामु ने जब अपनी बारी का इंतजार किया, तो उन्होंने देखा कि डॉक्टर साहब एक मरीज के साथ बैठकर गप्पे मार रहे थे। आखिरकार, रामु की बारी आई। डॉक्टर ने उन्हें देखा और बोला, क्या समस्या है?

सर, मुझे बुखार है।

डॉक्टर ने कहा, अच्छा, एक मिनट रुको। उसने फिर से गप्पें शुरू कर दीं। रामु ने धैर्य रखा, लेकिन समय बीतने के साथ उनकी चिंता बढ़ती गई। उन्होंने सोचा, क्या यह सच में फ्री है? इतने में, एक नर्स आई और बोली, आपको पहले टेस्ट करवाने होंगे।

रामु ने कहा, टेस्ट? वो तो महंगा होगा।

नर्स ने मुस्कुराते हुए कहा, नहीं, यह तो मुफ्त है, लेकिन दवा खरीदने के लिए पैसे तो चाहिए। इसका मतलब था कि सभी टेस्ट फ्री थे, लेकिन दवा के लिए उन्हें अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। रामु ने मन ही मन सोचा, अगर दवा खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं, तो ये मुफ्त सेवाएं किस काम की?जब रामु ने दवा खरीदने के लिए पैसा मांगा, तो सीता ने उसे मजबूर होकर कहा, लेकिन हमें तो घर का खर्च चलाना है। कैसे होगा? रामु ने कहा, चलो, चलकर जूते बेच देते हैं।इस बीच, अस्पताल में एक नई योजना भी चल रही थी। मेयर ने घोषणा की थी कि जो लोग मुफ्त इलाज का लाभ लेंगे, उन्हें एक फीडबैक फॉर्म भरना होगा। यह फॉर्म भरते समय, आपको एक सवाल का जवाब देना होता था–आप हमारे अस्पताल की सेवाओं के बारे में क्या सोचते हैं?रामु ने जब फॉर्म देखा, तो उसे हंसी आ गई। सेवाएं? उन्होंने सोचा, क्या सेवाएं? बुखार ठीक करने में दो घंटे लग गए।फिर, उन्होंने फीडबैक में लिख दिया, डॉक्टर जी बहुत अच्छे हैं, लेकिन बुखार का इलाज करना भूल जाते हैं। जब नर्स ने फॉर्म लिया, तो उसने कहा, आपको यह बात नहीं लिखनी चाहिए थी।कुछ दिन बाद, रामु और सीता ने फिर से अस्पताल जाने का फैसला किया। इस बार उन्हें पता चला कि अस्पताल में एक नई मशीन आई है, जो सभी बीमारियों का तुरंत पता लगा सकती है।चलो, चलकर इसे देख लेते हैं, सीता ने कहा। अस्पताल में मशीन का उद्घाटन हुआ। मेयर स्वयं उपस्थित थे। उन्होंने बड़ी शान से कहा, यह मशीन हमें हर मरीज का इलाज बिना समय गवाएं करेगी।रामु ने हंसते हुए कहा, लेकिन हमें तो इलाज कराने के लिए पैसे चाहिए!




मेयर ने कहा, अरे, यह तो सरकारी योजना है, सब फ्री है।जब रामु ने मशीन का इस्तेमाल किया, तो मशीन ने कहा, आपको बुखार है। रामु चौंक गए और बोले, क्या? यह तो मैंने आपको पहले ही बताया था!इसके बाद, रामु ने सोचा कि यह तो एक मजाक है। ऐसे कैसे किसी बीमारी का इलाज फ्री में हो सकता है? उन्हें एहसास हुआ कि सुखपुर में स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ दिखावे के लिए थीं, असल में गरीबों का इलाज करना कोई नहीं चाहता था।अंत में, रामु ने कहा, शायद हमें अपने स्वास्थ्य के लिए खुद ही कुछ करना होगा।इस प्रकार, सुखपुर की स्वास्थ्य सेवाओं का जाल उतना ही जटिल था जितना की एक भूलभुलैया। रामु और सीता ने ठान लिया कि वे अब खुद ही अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे और किसी सरकारी योजना पर भरोसा नहीं करेंगे।


## बसंत पंचमी 2 फरवरी विशेष

# प्रकृति का पुनर्जन्म है 'बसंत पंचमी'

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



बसंत ऋतु का सीधा संबंध इस मृत्यु लोक में जीवन यापन करने वाले मनुष्यों के अलावा सभी प्राणियों से होता है । यही वह ऋतु है जो मानवीय जीवन में नई चेतना , सुंदरता ,समरसता और खुशहाली भरा वातावरण लेकर आती है । यही कारण है कि इसे ऋतुराज का मुकुट पहनाया जाता है । आज के प्रदूषणकारी युग में जब नकारात्मक प्रवृत्तियों और प्राकृतिक आपदाओं से मानवीय जीवन भयाक्रांत है , तब यह समय की पुकार समझी जानी चाहिए कि हम अंतमुर्खी बनें । आत्मचिंतन करें । स्वयं से यह सवाल करें कि हम सृष्टि चक्र के किस मोड पर खड़े हैं ? बसंत ऋतु हमें समृद्ध , खुशहाल और हरा - भरा भारत बनाने का बोध कराती है । बसंत पंचमी का संबंध वीणावादिनी मां सरस्वती से भी जुड़ा हुआ है । स्वर्णिम भारत की रचना के लिए आवश्यक है दिव्य ज्ञान , आध्यात्मिक शक्ति और सात्विक संस्कार । इन्हीं सारे गुणों का साक्षात स्वरूप ही मां सरस्वती है । मां की वीणा ही उनके दिव्य ज्ञान की वाणी है । वीणावादिनी के हाथों में दिखाई पड़ रहा शास्त्र हमें धर्म और कर्म में सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है । इसी तरह उनके हाथ की माला हमें एक - दूसरे के साथ मिलकर सद्भाव पूर्ण जीवन जीने का संदेश देती है । ऋतुराज बसंत के आते ही फसलों का पीला रंग और खेतों की स्वर्णिम आभा खुशहाल भारत का आभास कराने लगती हैं । यही समृद्ध भारत के नव - निर्माण की प्रेरणा भी देता है । जिस तरह मनुष्य के जीवन में यौवन आता है उसी तरह बसंत हमारी प्रकृति का यौवन माना जा सकता है । यह वह समय है जब सर्दियां हमसे बिदाई मांग रही होती हैं । दिन बड़े होने लगते हैं । गुनगुनी धूप धीरे - धीरे शरीर को गड़ने लगती है । इन्हीं परिवर्तनों के चलते काव्य प्रेमियों का मन - मयूर नृत्य करने लगता है । इसी ऋतु के आगमन का प्रथम पर्व ₹ बसंत - पंचमी ₹ के रूप में मनाया जाता है । इसी बसंत ऋतु को सृजन का आधार माना गया है । संपूर्ण प्रकृति में बसंत ऋतु मधुरता का संचार करती है । इसे हम प्राकृतिक दुनिया का नवीनीकरण और पुनर्जन्म का समय कह सकते हैं । यही ऋतु प्रकृति को उसकी नींद से जगाती है और पुनः सक्रिय होने का संदेश देती है । यही वह मौसम है जो युवाओं के अंतर्मन में प्रेम ,आशा और उत्साह का संचार करता हैं । किसानों का हृदय लहलहाती फसल को देखकर प्रफुल्लित हो उठता है । सरसों के फूलों से आच्छादित पीले खेत हमारे मस्तिष्क के उस भाग को सक्रिय कर देते हैं , जो हमारी चिंतन शक्ति का केंद्र है । बसंत ऋतु का दो माह का समय



सभी प्राणियों में जीने की नई ऊर्जा भर देता है । यही कारण है कि सृष्टि की आदि श्रुति ऋग्वेद की अनेक ऋचाओं में रचनाओं से लेकर वर्तमान साहित्यकारों ने भी अपनी सौंदर्य चेतना के प्रस्फुटन के लिए प्रकृति की ही शरण ली हैं । कहा जाता है कि बसंत ऋतु नव - यौवन का प्रतीक है । प्रियतम के बिना बसंत का आगमन अत्यंत ही त्रासदायक माना जा सकता है । विरहदग्ध हृदय में बसंत में खिलते पलाश के फूल अत्यंत कुटिल जान पड़ते हैं । गुलाब की खिलती और हवा में नाचती पंखुड़ियां विरह - वेदना के संताप को और अधिक बढ़ा देती हैं । इसी विरह को कवि कुछ इस प्रकार अपनी भावनाओं में पिरोते रहे हैं :- ₹ पलाश, गुलाब , अनार , कचनार खूब फूल रहे हैं । खेतों में पीली सरसों भी अंगड़ाई लेते हुए खुद पर गर्व करती दिख रही है । वन तथा उपवन में कोयलों की कूक भी ऐसा संदेश दे रही है , मानो अपने प्रियतम की याद में उन्हें पुकार रही हों। चारों ओर कामदेव नगाड़े बजाते प्रतीत हो रहे हैं । मन बड़ा उदास है क्योंकि प्रियतम परदेश में है । ₹ राजस्थानी लोक - संगीत में भी बसंत के विरह का बड़ा मार्मिक वर्णन मिलता है । अपने राग - विराग , घृणा - प्रेम और दुःख की जिन भावनाओं को नारी स्पष्ट रूप से नहीं कह पाती उन्हें लोक - गीतों में पिरोकर अपना दर्द बयां कर दिया करती हैं । बसंत का असली आनंद लेना हो तो हमें इसके काव्य में जाना होगा । बसंत काव्य में विरह वेदना को द्विगुणित कर देता है । वह काव्य के सौंदर्य को और भी अधिक आलोकित कर दिखाता है । अपने मन और प्राण को स्पंदित करने के लिए हमें बसंत को अपने जीवन में उतारना ही होगा । ऐसा करने से हमारे हृदय के अंदर का कलुष मिट सकेगा । इसे हमें स्वीकार करना ही होगा कि बसंत का विरह भी आकर्षक होता है । एक प्रकृति ही ऐसी है जिसमें अहंकार लेश मात्र भी नहीं है । इसे हम रामायण और महाभारत काल में भी अनुभव कर सकते हैं । रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने बसंत का अत्यंत ही मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया है । इसी तरह भगवान श्री कृष्ण ने गीता में ₹ रितुनां कुसुमाकरः ₹ कहकर बसंत ऋतु को सृष्टि माना है । अपने अनोखे सौंदर्य के कारण ही बसंत मनुष्यों को आकर्षित करता है । बसंत ऋतु को हम जादुई ऋतु कहें तो गलत न होगा । कारण यह कि इसमें ऐसा जादू भरा है जो मानव की समस्त वेदनाओं को तत्क्षण ही भुला देता है । मादक ऋतु बसंत के आगमन को हम अपने हृदय और अंतर्मन में उतार लें तो हमारे जीवन में बसंत खिल उठेगा । जीवन के दुःख क्षणभर में दूर हो जाएंगे और हमारी खुशियों में ऋतुराज का साम्राज्य स्थापित हो जाएगा । इसे अगर आजमाना चाहें तो मन में उदासी के बाद किसी सुंदर बगीचे की हसीन वादियों में चले जाएं या फिर अपने घरों में बनाए गए बगीचे में खिले फूलों के बीच कुर्सी लगाकर कुछ देर बैठ जाएं । आप पाएंगे कि आपके मन की उदासी कहीं गायब हो गई है और खुद को खिलखिलाए फूलों की तरह प्रसन्न मुद्रा में पाएंगे । यही बसंत का अदृश्य संगीत है । इसी में गीता का स्वर है । हम कह सकते हैं कि बसंत ऋतु निराशा पर आशा और अमंगल पर मंगल की जीत का बड़ा उपहार है ।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पांडे ने जनसंपर्क में झोंकी ताकत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,1 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी 'संजय पांडे' लगातार डोर-टू-डोर जनसंपर्क कार्य में जुट चुके हैं। इस कड़ी में गुरुवार सुबह से ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पहुंचकर आमजन से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष अपना आशीर्वाद रूपी वोट देकर भाजपा के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। योग शिविर में शामिल हुए महापौर प्रत्याशी,करें योग-रहें निरोग का दिया नारा नगर निगम के अजेय योद्धा एवं वर्तमान में भाजपा महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' शहर के जलाराम मंदिर में आयोजित योगाभ्यास शिविर में शामिल हुए इस अवसर पर श्री पाण्डे ने ÷करें योग, रहें निरोग÷ का नारा देते हुए कहा कि योग का अर्थ जुड़ना होता है। यह जुड़ाव अपनी अपनी संस्कृति, प्रकृति व श्रेष्ठ परंपराओं से है। योग हमारी पुरातन संस्कृति का अटूट हिस्सा है जो मन बुद्धि और शरीर को सबल बनाता है। स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है और स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र बनाता है। सुबह से ही जनसंपर्क पर निकले भाजपा प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' शहर के सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित गार्डन में लोगों से भेंट मुलाकात करने भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' पहुंचे। आमजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं शहर के विकास के लिए उनके सुझाव मांगते हुए शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आग्रह कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की अपील की।



**अजेय योद्धा 'पाण्डे' पहुंचे विभिन्न जिम, शहर के विकास के लिये युवाओं से मांगे सुझाव**-शहर के विभिन्न जिमों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' ने युवाओं से बातचीत की एवं शहर के विकास के लिये उनके सुझाव भी मांगे। साथ ही युवा शक्ति का सही दिशा में उपयोग कर भाजपा के पक्ष में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम आवश्यक है। उन्होंने शहर के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य हेतु प्रतिदिन नियमित व्यायाम करें। स्वस्थ समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। योगा, एक्सरसाइज और जिमिंग एक स्वस्थ मानव जीवन जीने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दैनिक जीवन से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम अवश्य करिए। विभिन्न वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों के साथ किया जनसंपर्क जनसंपर्क की कड़ी में सर्वप्रथम शहर के संतोषी वार्ड, महेन्द्र कर्मा वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड पहुंचे भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे, जहां पार्षद प्रत्याशी दिगम्बर राव, श्रीमती रोशन सिसोदिया, उर्मिला यादव सहित वार्डवासियों ने उनका जोशीला स्वागत किया। वार्डों में डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशियों को बुजुर्गों, महिलाओं सहित हर वर्ग का भरपूर आशीर्वाद मिला।

**डबल इंजन की सरकार को ट्रिपल इंजन का बनाने महिलाएं प्रतिबद्ध**-डबल इंजन के भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित महिलाएँ स्वयं ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध नज़र आयीं। डोर-टू-डोर जनसंपर्क के दौरान भाजपा से महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन के लिये बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं।

**अय्यप्पा स्वामी मंदिर के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में हुए सम्मिलित** -नयामुंडा स्थित 'श्री अय्यप्पा स्वामी मंदिर' के 38वें वार्षिक उत्सव के 'बली एवं गरूड़ दर्शन' मुख्य कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा प्रत्याशी संजय पाण्डे सम्मिलित हुए।इस दौरान श्री अय्यप्पा स्वामी जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की एवं परिवारजनों के साथ बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया।

**वैवाहिक कार्यक्रम में हुए शामिल** -शहर के सिंधी भवन में मोटवानी परिवार के वैवाहिक समारोह में भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे', वर-वधु को आशीर्वाद देकर की मंगलमय जीवन कामना की।

## एक नजर

### डोमेश्वरी का जिमनास्टिक में चयन



**फिंगेश्वर, 1 फरवरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोपरा की छात्रा डोमेश्वरी बंसे का चयन राष्ट्रीय क्रीडा प्रतियोगिता में जिमनास्टिक खेल हेतु चयन हुआ है। व्यायाम शिक्षिका ममता दधीचि ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता जिमनास्टिक 29 जनवरी से 30 जनवरी तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित है जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोपरा की कक्षा आठवीं की छात्रा डोमेश्वरी बंसे पिता रामेश्वर बंसे अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। गरियाबंद जिले में पहली बार राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता जिमनास्टिक में चयन होने पर प्रधान पाठक जिला क्रीड़ा अधिकारी यू. के. नेताम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, चंचल गायकवाड, प्राचार्य एन.तिवारी, कोच ममता दधीचि व्यायाम शिक्षक, जिला मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू एवं सदस्य गण संतराम घोघरे, उमाशंकर साहू ने डोमेश्वरी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली क्षेत्र के नयापारा बेलदार पारा में बुधवार की रात को एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले नौ आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों में चार अपचारी बालक भी शामिल हैं आरोपितों से घटना में प्रयुक्त वाहन, चाकू व राड भी जब्त किए गए हैं। सभी के खिलाफ हत्या का प्रयास और बलवा की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि नयापारा बेलदार पारा तालाब के पास निवासी मनोहर सोरी ने अपने नाती विवेक ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले की शिकायत की थी शाम को विवेक ठाकुर पर शिवपारा दुर्ग निवासी 23 वर्षीय आशु निषाद, 20 वर्षीय ईशु ढीमर, 23 वर्षीय खिलेश ढीमर उर्फ बैगा, 22 वर्षीय विजय ढीमर उर्फ दाऊ, मठपारा निवासी 21 वर्षीय विजय राजपूत उर्फ राजा और चार अपचारी बालकों ने जानलेवा हमला किया था घटना के बाद सभी आरोपित फरार हो गए थे। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने सभी आरोपितों की पतासाजी शुरू की थी और सभी को गिरफ्तार किया पुलिस ने सभी अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है वहीं अन्य आरोपितों को न्यायालय पेश कर उन्हें जेल भेजा है।

# संजय के प्रचार में केदार उतरे सड़क पर

■ पत्नी ने भी पति के लिए मांगा वोट

■ पहले दिन सात वार्डों में किया जनसंपर्क



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 1 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी से महापौर प्रत्याशी संजय पांडे ने चुनाव प्रचार के पहले दिन कुल सात वार्डों में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क में मंत्री व चुनाव संचालक केदार कश्यप ने अपनी टीम के साथ पुरी ताकत झोंक दी। वहीं संजय की पत्नी रेखा ने भी महिलाओं की टीम के साथ डोर टू डोर संपर्क कर वोट मांगा। प्रवीर वार्ड में पार्षद प्रत्याशी योगेश सिंह ठाकुर के पक्ष में केदार कश्यप सहित कार्यकर्ताओं ने वोट मांगा। खड़गघाट स्थित माता मंदिर में महापौर व पार्षद प्रत्याशी ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। वार्ड में स्थित मातागुड़ी से कार्यकर्ताओं की टोली निकली जो कि पुरे वार्डो का भ्रमण करते हुए विजय वार्ड पहुंची। यहां पार्षद प्रत्याशी सुश्री भारती श्रीवास्तव ने गाजे बाजे के साथ वार्ड में रैली निकाली। समाज के हर वर्ग के लोगों ने संजय व भारती को भरपुर जनसमर्थ दिया। इसके साथ ही शनिवार को शिव मंदिर वार्ड, भैरम देव वार्ड, वीरसावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड में जनसंपर्क किया गया। संजय पांडे के साथ सभी वार्डो के प्रत्याशी भी शामिल हुए, जिसमें निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी, राणा घोष, खेम सिंह देवांगन, नीलिमा दत्ता प्रमुख हैं। जनसंपर्क के बाद संजय पांडे ने सामाजिक बैठक भी ली। सिंधी समाज, क्षत्रिय समाज, करण समाज सहित अनेक संघ संगठन की बैठक ली गई। बैठक में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

## देवी-देवताओं की पूजा व बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर ग्राम पंचायत कोंडे के सरपंच पद के लिए दीपक पुड़ो ने नामांकन भरा



**दुर्गूकोदल,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत कोंडे (दुर्गूकोदल) सरपंच प्रत्याशी के लिए दीपक पुड़ो, और वार्ड क्रमांक 4 के लिए गेसवरी जैन, वार्ड क्रमांक 1 के लिए कुंदन साहू का नामांकन देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर बड़े बुजुर्गों काआशीर्वाद लेकर नामांकन फॉर्म जमा किया गया इस अवसर पर भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद सदस्य व सभापति जनपद पंचायत दुर्गूकोदल के जोहन गावड़े, भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री शिरो कोमरे छबिलाल जैन दुकुराम जैन गेशसवरी जैन, कमलेश साहू कुंदन साहू, बोधन साहू, जितेंद्र सिंह, राजकुमार जुरी, देव सिंह जाड़े, फूल सिंह पुड़ो, सेनेतरी जुरी, भागेश्वरी पुडो सहित बड़ी संख्या में लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**जगदलपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के परिप्रेक्ष्य में भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया। मंत्री व चुनाव संचालक केदार कश्यप ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्रीनिवास राव मद्दी, शरद अवस्थी, सुधीर पांडे, विद्याशरण तिवारी, वेदप्रकाश पांडे, रूपसिंह मंडावी, सफीरा साहू, रामाश्रय सिंह, जबिता मंडावी,प्रकाश झा,श्रीनिवास मिश्रा,आनंद मोहन मिश्रा,रजनीश पाणिग्रही, सुधा मिश्रा, किरण दीवान, डाकेश्वरी पांडे, लक्ष्मी कश्यप,बिजली वैद्य, रिंकू पांडे, राजेंद्र बाजपेई,मनीष पारख सहित पार्टी के कार्यकर्ता व समस्त 48 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी उपस्थित रहे।

### अरविन्द शर्मा ने मतदान केंद्र कटेकल्याण का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री अरविन्द शर्मा ने दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण ब्लॉक के अंतर्गत मतदान केंद्रों में कटेकल्याण-3, बेंगलूरू-2 के अलावा अन्य मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिये मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या के बारे में भी जानकारी ली।

## हजारों समर्थकों के साथ रजनी सतीश चौरे ने भरा नामांकन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 में होगा रोचक मुकाबला



**राजिम/पांडुका,1 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से निर्दलीय प्रत्याशी रजनी सतीश चौरे ने हजारों समर्थकों के साथ भव्य रैली निकालते हुए अपना नामांकन दाखिल किया। उनके चुनावी मैदान में उतरने से इस क्षेत्र में मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

रजनी सतीश चौरे राजनीति और समाजसेवा में लंबे समय से सक्रिय रही हैं। पिछली पंचवर्षीय अवधि में उन्होंने जनपद पंचायत छुरा में वन सभापति के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। अब जिला पंचायत चुनाव में उतरकर क्षेत्र के विकास के लिए नई दिशा देने का संकल्प लिया है।नामांकन भरते समय उनके साथ हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद थे, जिनकी भारी भीड़ से माहौल उत्साहपूर्ण और चुनावी जोश से भरा नजर आया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी उम्मीदवारी से इस चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

# गीदम के पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 1 फरवरी।** । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत गीदम के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी-एक को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्बन्धी प्रशिक्षण के तहत जानकारी दी गई कि ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग- अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है यथा-सदस्य जिला पंचायत के लिए (गुलाबी), सदस्य जनपद पंचायत के लिए (पीला), सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए (नीला), पंच ग्राम पंचायत के लिए (सफेद) रंग निर्धारित है। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी होते है। ग्रामीण निकायों के लिए निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी से होगा। ढेर सारे मतपत्रों की अलग अलग पहचान के लिए प्रत्येक दल को दो सुभेदक सील, उपलब्ध कराये जाएंगे इनमें से एक का उपयोग जनपद और जिला पंचायत सदस्यता के लिए अभ्यर्थियों के मतपत्रों पर लगाने के लिए होगी, और दूसरा सरपंच और पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के लिए होगा। मतदान अधिकारी क्रं. -01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। साथ ही केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चाहे मतदान चार-चार पदों के लिए हो रहे हों, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक ही होगी। मतदान अधिकारी क्रं. 2 व 3 क्रमशः सरपंच एवं पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों और जनपद व जिला पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के प्रभारी रहेगें। मतदान अधिकारी क्रं. 4 मतपेटी का प्रभारी होगा। पीठासीन अधिकारी पूरे दल का मुखिया होगा, पूरी मतदान व्यवस्था उसी के देख रेख में और नियंत्रण में होगी। इस प्रकार पूरा मतदान दल एक टीम की तरह कार्य करेगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान मुख्य मास्टर ट्रेनर्स श्री माधव राव रेड्डी एवं श्री आलोक सोनवाने सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजिम कुंभ कल्प की तैयारी में अधिकारीगण जुटे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 1 फरवरी।** राजिम कुभँ कल्प मेला को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है लगातार अधिकारी गण जुटे है इस बार नए मैदान में राजिम मेला का आयोजन होगा जिसे लेकर अधिकारी मैदान के समतलीकरण आने जाने के रास्ते के साथ ही पुराने स्थान पर आरती व स्नान कुंड बनाने के साथ ही विभिन्न आयोजनों को सुनिश्चित कर रहे हैं टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य रायपुर कमिश्नर महदेव कावेरे गरियाबंद जिलाधीश दीपक अग्रवाल के साथ ही विभिन्न जिले धमतरी रायपुर से अधिकारी पहुंचे हुए हैं और हर विषय पर चर्चा कर फैसला ले रहे हैं महत्वपूर्ण बात यह है कि अब तक हुए राजिम कुंभ की तैयारी को को देखते हुए इस बार व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है जिसके चलते आसानी से कुंभ मेला संपन्न हो सके अधिकारीगण समय समय पर मेलों में होने वाली दिक्कतों का आकलन कर अपनी अपनी राय दे रहे हैं उसी के अनुरूप फैसला भी लिया जा रहा है ।

## जावंगा ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय बालमित्र मासिक कार्यशाला संपन्न



**दंतेवाड़ा, 1 फरवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में संचालित बालमित्र कार्यक्रम के तहत 27 से 30 जनवरी तक जावंगा ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय मासिक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 67 बालमित्र ''फेलोज'' ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 67 ग्राम पंचायतों में बाल पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन पुस्तकालयों का संचालन गाँव के ही युवा बालमित्र ''फेलोज'' द्वारा किया जाता है। बालमित्र ''फेलोज'' न केवल बच्चों को पुस्तकों तक पहुँच उपलब्ध कराते हैं, बल्कि वे स्कूलों में जाकर पुस्तकों के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियाँ भी आयोजित करते हैं। इसके साथ ही, वे हर शाम पुस्तकालय खोलते हैं, जहाँ गाँव के सभी बच्चे पठन पाठन कर सकते है। इसके अलावा, बालमित्र ''फेलोज'' द्वारा अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित कर बच्चों की शिक्षा पर सामूहिक परिचर्चा का आयोजन भी किया जाता है। इस मासिक कार्यशाला में ''फेलोज'' को पुस्तकालय प्रबंधन, लाइब्रेरी को अधिक आकर्षक और रंगीन बनाने, आगामी माह में उपयोग की जाने वाली पुस्तकों के चयन, बाल गीत, कहानियाँ और खेलों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुन्नेम, ब्लॉक संसाधन समन्वयक जितेंद्र चौहान, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के जीएम श्री राघवुलु और सीएसआर

# नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए 4 और पार्षद के लिए 50 अभ्यर्थी के नाम फाइनल

**कांकेर,1 फरवरी।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के लिए प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। स्क्रूटनी उपरांत नगरपालिका अध्यक्ष पद हेतु 01 पद के लिए 04 एवं 21 वार्डों के पार्षद पद हेतु 50 अभ्यर्थी अंतिम रूप से निर्वाचन में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नगरपालिका कांकेर रिटर्निंग ऑफिसर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे के द्वारा नामों की घोषणा के साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष पद हेतु अंतिम रूप से कुल चार अभ्यर्थियों के नाम एवं उन्हें आबंटित प्रतीक चिन्हों की घोषणा आज की गई। इनमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी सर्व श्री अरूण कौशिक को कमल फूल, जितेन्द्र सिंह ठाकुर को पंजा, मोहन सेनापति को झाड़ू तथा संजय गोस्वामी को सीटी (निर्दलीय) का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। इसी प्रकार पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक-01 अलबेलापारा से लता मंडावी को पंजा, उगेश्वरी उइके को कमल फूल, उदयनगर वार्ड क्रमांक-02 से चन्दलोक सिंह ठाकुर को पंजा, संजीव सोनी को कमल फूल, शिवनगर वार्ड क्र.-03 से लीना मनोज जैन को पंजा, शंकुन्तला जैन को कमल फूल, माहुरबंदपारा वार्ड क्र.-04 से दीपक शोरी को पंजा, पदमनी नाग को कमल, जवाहर वार्ड क्र.-05 से भारती सलाम सतीश दीपक को पंजा, चित्ररेखा जैन को कमल, संजयनगर वार्ड क्रं.-06 से मोहम्मद सलीम मेमन को कमल, यासीन कराणी को पंजा, आमापारा वार्ड क्र.-07 से लखित यादव को पंजा, नरेन्द्र साहू को कमल फूल का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। इसी प्रकार शीतलापारा वार्ड क्र.- 08 से फरीदा मकुल खान को पंजा, जितेश्वरी भीमगज को कमल, श्रीरामनगर वार्ड क्र.-09 से सरदार अजय सिंह रेणु को पंजा, प्रदीप कुमार चंद्रौल को कमल तथा निर्दलीय प्रत्याशी जितेन्द्र परिहार को कूकर, भण्डारीपारा वार्ड क्र.-10 से ममता बंटी यादव को कमल, सुशीला यादव को पंजा, महादेव वार्ड क्र.-11 से अ. मतीन खान को पंजा, बाबा नारायणपुरी गोस्वामी को कमल का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है, इसी वार्ड से अन्य अभ्यर्थी (निर्दलीय) आफताब कुरैशी को ब्लैक बोर्ड, आकाश सिंह ठाकुर को कोट तथा मोहम्मद शादाब को नारियल पेड़ का प्रतीक चिन्ह प्राप्त हुआ है।इसी प्रकार नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत नगर पालिका परिषद कांकेर के वार्ड क्रमांक 12 मांझापारा से श्री हिरेन्द्र खटवानी को कमल, श्री सोमेश सोनी को पंजा, वार्ड क्रमांक 13 सुभाष वार्ड से अशोक उके को पंजा, श्री विकास अंभोरे को कमल, वार्ड क्रमांक 14 अन्नपूर्णापारा वार्ड से टिकेन्द्र ठाकुर को कमल, श्री विजय कुमार यादव को पंजा, वार्ड क्रमांक 15 एमजी वार्ड से श्रीमती आसमती पोटाई को हाथी, श्रीमती अरूणा एट्टी को पंजा और श्रीमती मीरा सलाम को कमल, वार्ड क्रमांक 16 शांति नगर वार्ड से श्री ओमप्रकाश देवांगन को पंजा, श्रीमती रमशीला हलधर साहू को कमल और श्री दुलरवा साहू को नारियल पेड़, वार्ड क्रमांक 17 कंकालिनपारा वार्ड से श्रीमती कामिनी राजेश नेताम को पंजा, श्रीमती रितिका यादव को कमल और किरण प्रदीप पटेल को ब्लैक बोर्ड का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 18 बरदेभाटा वार्ड से श्री ईश्वर लाल नाग को कमल और श्री जितेन्द्र वैद्य को पंजा, वार्ड क्रमांक 19 अघन नगर वार्ड से श्री रामस्वरूप यादव को पंजा, श्री उत्तम यादव को कमल और निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती जागेश्वरी साहू को नारियल पेड़, वार्ड क्रमांक 20 जनकपुर वार्ड से श्रीमती कीर्ति मुकेश बिछिया को पंजा, मंजू सारथी को कमल तथा वार्ड क्रमांक 21 राजापारा वार्ड से श्री आनंद चौरसिया को पंजा और श्री चेतन यादव को कमल का चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आबंटित किया गया है।

## एक नजर

### नक्सलियों के मंसूबों को सुरक्षाबलों ने किया नाकाम, आईईडी नष्ट



**गरियाबंद, 1 फरवरी।** जिला गरियाबंद में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना मैनपुर क्षेत्र के भालूडीग्गी और बेसराझर के जंगलों में सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता प्राप्त की। माओवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद, जिला बल गरियाबंद ऑपरेशन टीम श्व-30 और 65वीं वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया।

सुरक्षा बलों को जानकारी मिली थी कि नक्सलियों ने जंगल के विभिन्न स्थानों पर टिफिन बम और पाइप बम लगाए थे, जो सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से थे। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के मंसूबों को नाकाम करते हुए, बीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड) टीम की मदद से इन आईईडी को नष्ट किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वही क्षेत्र है जहां लगभग एक सप्ताह पूर्व नक्सली और अर्धसैनिक बलों के बीच हुई मुठभेड़ में 16 हार्डकोर नक्सली मारे गए थे ।बमों को जंगल में ऐसे स्थानों पर लगाया गया था, जहां नजदीकी गांवों के लोग और पशु भी इन विस्फोटकों से प्रभावित हो सकते थे। सुरक्षाबलों ने सर्चिंग के दौरान जंगल से विभिन्न सामान बरामद किए, जिनमें बीजीएल राउंड, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, बैटरी, सोलर प्लेट, नक्सली दस्तावेज, नक्सली वर्दी, वायर, स्वीच, कैंची, कुल्हाड़ी जैसे महत्वपूर्ण सामग्री शामिल हैं।

### कलेक्ट्रेट परिसर में डमी ईवीएम के जरिए आम नागरिकों को दी जा रही मतदान प्रक्रिया की जानकारी


**महासमुंद, 1 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 के मद्देनजर कलेक्टरेट परिसर में डमी ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) रखी गई है, जिससे आम मतदाता सहित जनप्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।अपर कलेक्टर व उपनिर्वाचन अधिकारी रवि साहू ने बताया कि निर्वाचन शाखा के कर्मचारी लगातार नागरिकों को ईवीएम के सही उपयोग और मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं, ताकि चुनाव के दिन मतदाता बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।इस बार प्रयोग की जा रही ईवीएम अन्य चुनावों में उपयोग होने वाली मशीनों से थोड़ी अलग है। इस मशीन में वोट डालने के बाद पर्ची नहीं निकलती। एक ईवीएम में अधिकतम 13 उम्मीदवारों और 1 नोटा का विकल्प होता है। यदि किसी वार्ड में उम्मीदवारों की संख्या 13 से अधिक होती है, तो अतिरिक्त ईवीएम जोड़ी जाएगी। डमी ईवीएम के इस प्रदर्शन के जरिए नागरिकों को न केवल मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है, बल्कि उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि ईवीएम में ÷एंड÷ बटन दबाने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता को केवल दोनों पदों (अध्यक्ष और पार्षद) के लिए अपने पसंदीदा उम्मीदवार का बटन दबाना होगा, जिससे मतदान प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद दोनों पदों के लिए ईवीएम से मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया को और अधिक स्पष्ट करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए वोट डालने पर हल्की बीप की आवाज आएगी। पार्षद पद के लिए वोट डालने पर लंबी बीप सुनाई देगी, जो मतदान के सफलतापूर्वक पूरा होने का संकेत होगा

### राष्ट्रपिता को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि नशामुक्ति का संकल्प




**रायगढ़, 1 फरवरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर समाज कल्याण विभाग जिला रायगढ़ के द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र, कौहाकुण्डा पहाड़ मंदिर रोड रायगढ़ में श्रद्धांजलि एवं नशामुक्त संकल्प शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण श्री शिवशंकर पाण्डेय ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को श्रद्धांजली देते हुए विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नशा पीड़ितों एवं आसपास के निवासियों के द्वारा नशामुक्ति हेतु संकल्प एवं शपथ ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम में नशे से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए किसी भी प्रकार का नशा न करने की अपील की गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी श्री सुशील सिंह, श्री उग्रसेन पटेल, श्री नवरतन सिंह बिंझवार, श्री अलेख जेण्डर एक्का, कार्तिक राम महरा एवं उन्नायक सेवा समिति के समस्त कर्मचारियों की सहभागिता रही। नशे से पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्पलाईन नं.155-326 एवं टोल फ्री नंबर 1800-233-8989 में जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं नवजीवन नशामुक्ति केन्द्र के समन्वयक के मोबाईल नंबर 918109924593 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### दो वार्ड से प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित रिटर्निंग ऑफिसर ने दिया प्रमाण पत्र





**रायगढ़, 1 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत रायगढ़ नगर निगम के दो वार्डों में प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जिन्हें रिटर्निंग ऑफिसर श्री रवि राही ने निर्विरोध निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। इनमें वार्ड क्रमांक-18 की बीजेपी की प्रत्याशी श्रीमती पूनम दिवेश सोलंकी और वार्ड क्रमांक 45 से बीजेपी के प्रत्याशी श्री नारायण पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### गरियाबंद के प्राचार्य एवं दो शिक्षिकाओं को थमाया कारण बताओ नोटिस

# शिक्षा सचिव ने जिले के स्कूलों का किया निरीक्षण प्रधानपाठक व स्कूल समन्वयक को किया निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 1 फरवरी।** शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी आज जिले के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूका एवं मालगांव के निरीक्षण में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं में गुणवत्ताहीन शिक्षा एवं विषय के प्रति समझ स्तरहीन पाये गये । सम्पूर्ण कक्षा के छात्र-छात्राओं में अधिगम स्तर में गिरावट होने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूका के प्रधानपाठक ललित कुमार साहू एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मालगांव के संकुल समन्वयक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर को पूर्ण रूप से जिम्मेदार पाये गये। इस पर उन्हें कर्तव्य निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता व स्वेच्छाचारिता के कारण शिक्षा संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक राकेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में ललित कुमार साहू को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सरायपाली जिला महासमुंद तथा भूपेन्द्र सिंह ठाकुर को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा नियत किया गया है। वही गरियाबंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती वंदना पांडे को भी शाला मे शैक्षणिक स्तर में कमी व साफ सफाई की अव्यवस्थाओं के चलते नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है

साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूका के निरीक्षण के दौरान पाया कि वहां अध्ययनरत बच्चों का शैक्षणिक स्तर अत्यंत ही कमजोर है एवं विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका एल बी श्रीमती दीपा साहू एवं शिक्षिका टी संवर्ग श्रीमती कविता साहू से अध्यापन संबंधी प्रश्न पूछे जाने पर उनके शैक्षणिक स्तर भी अत्यंत कमजोर परिलक्षित हुआ। साथ ही विद्यालय की नियमित साफ-सफाई नहीं पाये जाने तथा अव्यस्था व गंदगी आदि होने के कारण फटकार लगाई। इसके अलावा प्रधान पाठक द्वारा छात्र-छात्राओं के अधिगम स्तर के रूप शैक्षणिक व्यवस्था नहीं किया गया था। जिसके लिए शिक्षिका श्रीमती दीपा साहू एवं श्रीमती कविता साहू से को शो काज नोटिस दे कर स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। इस दौरान कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत एवं डीएमसी श्री के.सी नायक भी मौजूद थे।

## भाजपा के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 1 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत राजिम विधायक रोहित साहू ने भाजपा चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने कार्यकर्ताओं से नगर पालिका में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने का आव्हान किया। विधायक ने कहा पार्टी का एक एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी आज से ही चुनावी रण में उतर जाए। अध्यक्ष और पार्षद दोनो प्रत्याशी को जिताने कड़ी मेहनत करें। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, अध्यक्ष प्रत्याशी रिखीराम यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फु मेमन, अध्यक्ष सुमीत पारख भी मौजुद थे। इसके पहले गरियाबंद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका आत्मीय स्वागत किया।कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कार्यकर्ताओ से कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है, अब नगर में भी कमल खिलाए। ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी तो नगर का दुगुनी तेजी से विकास होगा। उन्होने कहा कि जनता ने हर स्तर पर भाजपा पर भरोसा जताया है।वही भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रिखी राम यादव ने कहा यह कार्यालय केवल चुनावी गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि जनता की सेवा का प्रतीक बनेगा। जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र के प्रत्याशी को जिताने मैदान में उतर जाए। वही मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख ने विश्वास दिलाया कि नगर पालिका में ऐतिहासिक जीत करेगी। इस अवसर पर भाजपा के समस्त परशा डी प्रत्याशी एवं भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## नगर पालिक निगम निर्वाचन: अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता की दी गई जानकारी

**रायगढ़, 1 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक-2 में नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत महापौर एवं पार्षद के निर्वाचन लडने वाले सभी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर श्री रवि राही, श्री राकेश कुमार गोलछा, श्री प्रवीण तिवारी, श्रीमती रेखा चंद्र उपस्थित रही।रिटर्निंग ऑफिसर्स ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 के तहत निर्वाचन को प्रभावित करने रिश्वत, प्रलोभन या धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर मतदान की अपील करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। इसके साथ ही किसी भी शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, शासकीय भवन एवं कार्यालय का उपयोग निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार में ना किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अधिकृत निजी होर्डिंग्स में अभ्यर्थी अपना प्रचार-प्रसार कर सकते हैं।निर्वाचन अपराध अधिनियम 1984 के तहत विभिन्न धाराओं की जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन के दिन या उसके एक दिन पूर्व सार्वजनिक सभा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मतदान केन्द्रों में या उसके आसपास निर्धारित सीमा के अंदर मत याचना करना प्रतिबंधित होगा। वहीं मतदान केंद्रों में अभ्यर्थियों द्वारा अधिकृत बीएलओ पीठासीन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करेंगे। साथ ही उन्होंने नोटिस, सूचना को फाडऩा, ईवीएम मशीनों के छेड़छाड़ के संबंध में अपराधिक धाराओं की भी जानकारी दी। उन्होंने ध्वनि विस्तार यंत्र के अनुमति के संबध में जानकारी देते हुए कहा कि सभा एवं प्रचार वाहन हेतु ध्वनि विस्तार यंत्र की अनुमति ली जा सकती है, जिसके लिए समय निर्धारित किया गया है।रिटर्निंग ऑफिसर्स ने कहा कि सकते है। प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## ज्ञान अर्जन की प्रक्रिया में क्विज प्रतियोगिता पहला पड़ाव: कलेक्टर



**महासमुंद, 1 फरवरी।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला परियोजना समग्र शिक्षा द्वारा जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में किया गया। आयोजन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उनकी तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं ने विज्ञान और सामान्य ज्ञान के क्षेत्र में अपनी जिज्ञासा और प्रतिभा का परिचय दिया है। इस तरह के आयोजनों से न केवल ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि टीम वर्क, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। मैं सभी विद्यार्थियों से यही कहना चाहूंगा कि ज्ञान अर्जन की यह प्रक्रिया सतत जारी रहनी चाहिए। जिज्ञासा, मेहनत और लगन से आप अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। विज्ञान और नवाचार में रुचि लेकर आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें और समाज व देश की प्रगति में योगदान दें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने भी विद्यार्थियां का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आगे चलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना होगा जिसकी यह पहली सीढ़ी है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत जिला परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा, अध्यापक गण एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।प्रतियोगिता को दो अलग-अलग स्तर पर आयोजित किया गया। प्रथम स्तर में पूर्व माध्यमिक स्तर पर चार राउंड मे, प्रत्येक राउंड में दो-दो प्रश्न पूछे गए, द्वितीय स्तर में माध्यमिक स्तर पर 5 राउंड मे, प्रत्येक में तीन-तीन प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में एक विशेष राउण्ड भी रहा, जिसमे प्रत्येक टीम को लैपटॉप में गूगल फॉर्म दिया गया, ऑनलाइन मोड में प्रत्येक टीम ने गूगल फार्म के माध्यम से तय समय सीमा में प्रश्नों के ऑनलाइन जवाब दिए। भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, सामान्य ज्ञान विषय से प्रश्न पूछे गए थे। क्विज प्रतियोगिता के लिए जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा और जिला विज्ञान परिषद के जिला संयोजक जगदीश सिन्हा, ब्लाक नोडल बागबाहरा सुबोध तिवारी, पिथौरा विवेक वर्मा, सरायपाली निर्मल प्रधान, बसना प्रेम साव एवं महासमुंद खेमराज साहू ने प्रश्नों के निर्माण में सहयोग किया। प्रतियोगिता के विजयी टीम को कलेक्टर एवं अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राथमिक स्तर पर बसना की टीम प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर महासमुंद एवं तृतीय स्थान पर पिथौरा की टीम रही। वहीं माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर सरायपाली, द्वितीय स्थान पर बागबाहरा की टीम रहीं। इसी तरह फास्ट टेस्ट फिंगर्स के लिए महासमुंद एवं पिथौरा की टीम अव्वल रहे।

### कलेक्टर और एसपी ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## सड़क निर्माण के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने आधे घंटे तक मौके पर करवाई सैंपल की जांच



**रायगढ़, 1 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के साथ शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सड़क निर्माण के साथ ऑक्सीजोन और नालंदा परिसर के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखें। बारिश शुरू होने से पहले अभी पर्याप्त समय है इसका सदुपयोग करते हुए कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश उन्होंने सभी ठेकेदारों को दिए। निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप भी साथ रहे।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने छातामुड़ा चौक से जुटमिल तक बन रहे सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सड़क की मोटाई की जांच करवाई साथ ही सड़क बनाने में उपयोग किये जा रहे हैं मटेरियल की रैंडम सैंपल लेकर बिटूमिनस एक्सट्रैक्टर से अपने सामने जांच करवाई। यह जांच मौके पर लगभग आधे घंटे तक चलती है। इस प्रक्रिया से मटेरियल में कोलतार के मात्रा की जांच की जाती है। जांच में मात्रा सही पाई गई। उन्होंने सड़क के अलग-अलग हिस्सों की रेंडम सेंपलिंग करवाकर काम की गुणवत्ता जांची। कलेक्टर श्री गोयल ने ठेकेदार से कहा कि काम में पुरी गुणवत्ता होनी चाहिए। सही क्वालिटी का मटेरियल उपयोग करें। रोलर और वाइब्रो का इस्तेमाल कर समतल और अच्छी गुणवत्ता की सड़क बनाएं। जो लंबे समय तक टिकाऊ रहे। उन्होंने आयुक्त नगर निगम और ईई पीडब्लूडी को कोर कटिंग का सैंपल लेकर उसकी भी जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने ऑक्सीजोन निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने प्रोजेक्ट के अनुसार चल रहे कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बाउंड्री वॉल और पार्किंग स्थल के निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजोन में आवश्यकता के अनुसार व्यवस्थित रूप से पार्किंग का निर्माण हो तथा प्रोजेक्ट में शामिल निर्माण के दूसरे कॉम्पोनेंट का निर्माण समय से पूरा करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने नालंदा परिसर निर्माण स्थल का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने चल रहे फाउंडेशन निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्माण कार्य में क्वालिटी और समय-सीमा का पूरा ध्यान रखें। तकनीकी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

## बीजापुर जिला पंचायत चुनाव में होगा घमासान दोनों पार्टियों ने दिग्गजों को उतारा मैदान में

**बीजापुर,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत में कब्जा जमाने दोनों दलों ने दिग्गजो को को उतारा मैदान में पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही अब दोनों राजनीतिक दलों में टिकट को लेकर मंथन चल रहा है भाजपा ने 10 प्रत्याशी घोषित कर कर दिया है जबकि कांग्रेस ने 7 प्रत्याशी की सूची जारी की है गंगालूर की एक सीट पर कांग्रेस ने एक निर्दलीय को अपना समर्थन दिया है इस प्रकार भाजपा ने भी एक प्रत्याशी को बदल कर गंगालूर क्षेत्र के लिए गौतम राव को टिकट दी है।











नैमेड क्षेत्र से दो महिला नेत्रियों के बीच रोचक मुकाबला होगा यहां बतादे नैमेड क्षेत्र मे इस बार कांटे का मुकाबला होगा दोनों महिला उम्मीदवार कांग्रेस से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी है नीना रावतिया वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है जबकि जमुना सकनी कांग्रेस. से त्याग पत्र भाजपा में शामिल हो गई है जिसका इनाम उन्हें टिकट के रूप में मिला है कभी साथ रहे दोनों महिला अब एक दूसरे से आमने सामने होगे

कांग्रेस ने मद्देड क्षेत्र से मिचचा मुतैया को उतारा है मैदान में मिचचा मुतैया भी कांग्रेस के बडे नेता है बेदरे क्षेत्र से अभी मंथन जारी है जिला पंचायत तिमेड क्षेत्र मे भी रोचक मुकाबला होगा पहले यह सीट पुरूष वर्ग के.लिए था अब महिला सीट होने से कांग्रेस के दिग्गज नेता बंसत राव ताटी की पत्नी लक्ष्मी राव को टिकट दिया गया है शंकर कुडियम इस बार तोयनार क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडेंगे इसी प्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम इस बार आवापल्ली से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडेंगे कांग्रेस ने अभी मद्देड और बेदरे क्षेत्र की सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है इस तरह इस बार जिला पंचायत का चुनाव काफी होने के साथ संघर्ष भरा होगा ग्रामीण मतदाता किस पर भरोसा करते है यह देखने की बात होगी बीजापुर के जिला पंचायत के दस क्षेत्र में वर्तमान सिथति के अनुसार आठ सीट कांग्रेस के कब्जे में थी तथा दो सीट भाजपा के कब्जे में थी नये समीकरण मे अब भाजपा सत्ता मे है तो इसका पंचायत चुनाव में क्या असर होगा देखने की बात होगी बाकी सीटों फर भी कड़े मुकाबले की संभावना है

इसी क्रम मे भाजपा ने यहां पेरे पुलैया को टिकट दी है जांगला क्षेत्र से कांग्रेस ने लचछू मोर्य को तो भाजपा ने चैत राम लेकाम को टिकट दी है पामेड क्षेत्र से भाजपा ने जानकी कोरसा को तो कांग्रेस ने जनपद पंचायत सदस्य रही सरोजनी कटटम को टिकट दी है अगले क्रम में कांग्रेस ने नेलसनार क्षेत्र से पार्वती कश्यप को टिकट दी है जबकि भाजपा ने यहाँ से समंतनीन कोरसा को टिकट दिया है बेदरे क्षेत्र से भाजपा ने प्रिती आरकी को टिकट दी है।

## प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिजन को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बीजापुर,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक जयराम इच्छामी के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती विज्जो इच्छामी निवासी ग्राम कोशलनार स्कूलपारा तहसील भैरमगढ़ को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन आदेश प्रदान कर कलेक्टर ने सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी



**बीजापुर,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले वाहन चालक, भृत्य एवं चौकीदार को सेवानृवित्ति तिथि से ही पेंशन आदेश प्रदान किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनके सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सेवानृवित्त होने वाले कर्मचारी श्री कुवंर सिंह ठाकुर वाहन चालक कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी बीजापुर में कार्यरत थे। वहीं स्व. श्री बसंत कुमार झाड़ी स्कूल शिक्षा विभाग में भृत्य के पद पर पदस्थ थे सेवा समाप्ति के पश्चात आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती पन्डो झाड़ी को पेंशन आदेश प्रदान किया गया। तथा सोनू राम यादव शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में चौकीदार के पद से 31 जनवरी 2025 तक कुल 30 वर्ष सेवाएं दी। पेंशन प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर टंडन ने बताया कि कर्मचारी यदि अपनी सेवा पुस्तिका की जांच कराते रहें और समय पर पेंशन फार्म भर कर कार्यालय में जमा कर दें तो पेंशन आदेश जारी होने में विलंब नहीं होता है। कर्मचारी अपने नाम का मिलान अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक से जरूर कर लें ताकि पेंशन के समय कोई समस्या न आये।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग जिला बीजापुर ने की कार्रवाई



**बीजापुर,1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा सर के निर्देश पर और उपायुक्त आबकारी श्री आशीष कोसम सर एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार परआज दिनांक 31/01/2025 को आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम ग्राम रूद्रारम थाना भोपालपटनम पहुंचकर आरोपी पागे सत्यम के घर से बड़ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड अवैध शराब जब्त की गई.आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण कायम, गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावरे, वतन चौधरी आबकारी आरक्षक भरत वट्टी एवं शिवनारायण सेठिया ,नगर सैनिक मनोज एक्का का सराहनीय योगदान रहा।

### छुरा थाना प्रभारी की अनोखी पहल : स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

# हेलमेट पहनने वालों को गुलाब, नियम तोड़ने वालों को चेतावनी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 1 फरवरी।** सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से छूरा पुलिस द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया, छूरा पुलिस द्वारा नगर के बजरंग चौक में एक अनोखा अभियान की शुरुवात की गई छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हेलमेट पहन कर बाइक चलाने वालो को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया, वही बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले लोगों को सख्त हिदायत देते हुए हेलमेट पहनकर सुरक्षित सफर करने की समझाइस देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए जनता के लिए एक उदाहरण पेश करने की बात कही गई वही अभियान के तहत चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करने की अनुरोध किया गया थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चौक चौराहो मे जांच व कार्यवाही करने की बात कही है जांच के दौरान, जो लोग हेलमेट पहने हुए थे उन्हे गुलाब फूल भेट किया वही जो वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं किये हुए थे उन्हें समझाइस देते हुए उनसे आग्रह किया कि वे भविष्य में नियमों का पालन करे पुलिस ने स्पष्ट किया कि आज केवल चेतावनी दी जा रही है, लेकिन आने वाले दिनों में चालानी कार्रवाई की जाएगी।बिना हेलमेट वालों को जुर्माना भरने के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई।सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपाय अपनाने से इन दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोका जा सकता है व अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यात्रा के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की बात कही। छूरा पुलिस के इस जागरूकता अभियान ने आम जनता को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया है। पुलिस ने संदेश दिया कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल कानूनी नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के साधन भी हैं इसलिये अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिये यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## एक नजर

### पुलिस ने गांजा नशीली टेबलेट एवं इंजेक्शन का किया नष्टीकरण



**बलौदाबाजार, 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 28 जनवरी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीले टैबलेट एवं नशीला इंजेक्शन का नष्टीकरण किया गया। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 12 मामलों मे जप्त कुल 62.220 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, 280 नग नशीली टैबलेट एवं 35 नशीला इंजेक्शन की विधिसम्मत नष्टीकरण की कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट अधिनियम में निहित प्रावधान के अंतर्गत नियमानुसार जायसवाल निको स्टील पावर प्लांट रायपुर के फर्नेस मे मादक पदार्थों को जलाकर की गई। उपरोक्त नष्टीकरण की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति प्राप्त कर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के अध्यक्ष वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सदस्य जिला आबकारी अधिकारी एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति मे की गई।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 9 चालकों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 18.01.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 09 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 09 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 03, यातायात भाटापारा 03, यातायात सिमगा 02 एवं यातायात कसडोल द्वारा 01 चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

### अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आबंटित

# अध्यक्ष पद के एक व पार्षद के चार अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन वापस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 1 फरवरी।** निर्वाचन अधिकारी अंशुल वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार आज दिनांक 31. 1 .25 को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी प्रक्रिया के उपरांत अध्यक्ष पद के कुल 8 क्रमशः ललित कुमार देवांगन कांग्रेस हाथ छाप, शिवधारी देवांगन को भाजपा से कमल छाप, खेमराज घिदौड़े शिवसेना को तीरकमान छाप, गोपाल नट निर्दलीय को गैस सिलेंडर छाप, हरदीप सिंह राजू भाटिया निर्दलीय को ट्रक छाप, हासम अली निर्दलीय को कांच का गिलास छाप, रमेश कुमार सोनी निर्दलीय को ऑटो छाप, रविशंकर यादव निर्दलीय को डीजल पंप छाप प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।

वहीं पार्षद पद हेतु राष्ट्रीय पार्टी भाजपा, कांग्रेस एवं निर्दलीय सहित कुल 51 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था। उनमें से चार अभियर्थियों ने नाम वापस ले लिए है। जिनके नाम क्रमशः वार्ड क्रमांक चार से बाबूलाल देवांगन निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 6 से पूजा सिंह निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 7 से सोना यदु निर्दलीय और वार्ड क्रमांक 13 से कैलाश सेन सहित सभी निर्दलीय अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र वापस ले लिए है। इस तरह अब पार्षद पद हेतु 15 वार्डों में कुल 47 पार्षद चुनाव मैदान में है। 8 लोग अध्यक्ष पद हेतु चुनाव मैदान है बताते चले कि कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ललित देवांगन की जनचर्चा आम जनमानस के बीच हो ज्यादा हो रही है कि ललित इंजीनियर है जो नगरपालिका के अध्यक्ष बनते है तो जरूर नगरविकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं भाजपा से शिवधारी देवांगन को प्रत्याशी बनाया है।

वहीं दो बार के अध्यक्ष जिन्होंने ने अपने कार्य काल में नगर में प्रतीक्षा बस स्टैंड सामुदायिक भवन सांस्कृतिक भवन गार्डन सरोपी तालाब में सौदर्यीकरण वार्डो में सीसी रोड निर्माण आदि व कार्य किया है। उसका लाभ उनको इस चुनाव में मिल सकता है। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी रमेश सोनी भी चुनाव जीतने के उपरांत जनता से विकास करने एवं नगरपंचायत में पर्याप्त भ्रष्टाचार दूर करने की बात कह कर आम जनता के समक्ष अपनी बात रख रहे है।

### चौथे दिन तक कुल 83 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 1 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सिमगा विकासखंड के 25 जनपद क्षेत्र हेत नामांकन पत्र दाखिल करने के चौथे दिवस तक कुल 83 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन की अंतिम तिथि 3 फरवरी तक घोषित किया गया है। जंहा चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थी निर्वाचन कार्यालय में नामांकन दाखिल कर रहे है।

बताते चलें कि पंचायत चुनाव 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। वहीं क्षेत्र क्रमांक 10 कौशल वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के उपरांत अपने समर्थकों के साथ निर्वाचन कार्यालय के समक्ष।

# तिल्दा में अध्यक्ष पद के लिए सात उम्मीदवार मैदान में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**तिल्दा-नेवरा, 1 फरवरी।** नगर पालिका परिषद में अब अध्यक्ष काग्रेस से लक्ष्मी नारायण वर्मा और बीजेपी से चंद्रकला वर्मा के बीच मुकाबला होना है। हालांकि अध्यक्ष के लिए कुल सात उम्मीदवार मैदान में हैं। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की कल संवीक्षा की गई तथा आज अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि थी। रिटर्निंग ऑफिसर (नगरपालिका तिल्दा नेवरा) कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद तिल्दा के 22 वार्डों से पार्षद पद की अभ्यर्थिता से कुल 17 लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया है। 31जनवरी दोपहर तीन बजे तक नगरपालिका परिषद तिल्दा के नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 04 लोगो ने आज अपना नाम अभ्यर्थिता से वापस ले लिया है। वही वार्ड क्रमांक 1 से एक, वार्ड नंबर 5 से 2 अभ्यर्थी और वार्ड नंबर आठ से एक साथ ही वार्ड नंबर 9 से 1 और वार्ड नंबर 11 से दो तथा वार्ड नंबर 15 से एक वही वार्ड नंबर 16 से दो और वार्ड नंबर 17 से 3 तथा वार्ड नंबर 18 से एक और वार्ड नंबर 19 से दो और वार्ड नंबर 20 से एक अभ्यर्थियों ने आज अपना नाम अभ्यर्थिता से वापस ले लिया है।

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 07 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में उतरे हैं। वही 22 वार्डों के लिए टोटल 85 प्रत्याशी चुनावी मैदान में आमने-सामने होंगे। कुल मिलकर पांच उम्मीदवार अध्यक्ष के। लिए निर्दलीय लड़ रहे है। और अब सीधी लड़ाई काग्रेस बीजेपी में है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से नगर पालिका में बीजेपी को बहुमत मिलता आया है जो इस वक्त बीजेपी दम खम के साथ चुनाव में है। मंत्री टक राम वर्मा नगर पालिका चुनावों में सभी 22वार्डो में बीजेपी उम्मीदवारों के लिए लगातार दौरा कर रहे है। विधान सभा चुनावों में तिल्दा नेवरा से विधायक मंत्री को भारी समर्थन मिला था इस लिए इस वक्त हर वार्ड की जनता के बीच बीजेपी को जितने प्रयास कर रहे है विकास ओर तिल्दा नेवरा को सजा ने सुंदर बनाने प्रयास जनता के साथ करेंगे। हर वार्ड में मंत्री टक राम वर्मा का जोशीला स्वागत किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी शर्मा ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने नामांकन दाखिल करने के पश्चात शहर में अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर दी.. शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड में जैतखाम की पूजा अर्चना कर वार्डवासियो के बीच जाकर समर्थन मांगा।

भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी ने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, मुंशी स्माइल वार्ड एवं रामसागर वार्ड में लोगो से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की उन्होंने कहा कि भाटापारा के विकास के दृष्टिगोचर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और पार्षद के पक्ष में अपना समर्थन देवें कांग्रेस शासित पिछला पांच वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के भेंट चढ़ गया..

भाटापारा नगर पालिका में कांग्रेस मे आपसी गुटबाजी और रस्साकसी चलती रही जिसका परिणाम यह हुआ कि जिस शहर को भाजपा शासन काल में संजोया गया विकास की बुनियाद रखी गई वह हमारा शहर विकास की दौड़ में पिछड़ता गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा केंद्र सें भी दिए गए पैसे में घाल मेल किया गया, और जनता तक मुलभुत सुविधा के कार्यो को तक नहीं पहुंचाया गया।

अब समय आ गया है कि फिर से विकास की नई इबारत लिखने का छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है विधानसभा चुनाव में जारी किए अपने संकल्प पत्र के अधिकांश वायदों को एक वर्ष के भीतर पूरा कर एक नजीर पेश किया है इसी लिए भाजपा पर प्रदेशवासियों का अटूट विश्वास है, , भाटापारा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अप्रत्याशित बढ़त दर्ज करेगी इस अवसर पर मोहन बांधे, आशीष जायसवाल, नीरा साहू, आयशा खान, आशीष टोडर, अरुण यादव, सोनू यदु, राजीव शर्मा, देवेश गुप्ता, अशोक साहू, शिव साहू, प्रदीप बंजारे, खिलावन साहू, बिल्ला साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### नगर पालिका चुनाव: बागी पार्षद बिगाड़ेंगे अध्यक्ष पद का गणित





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 फरवरी।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका चुनाव में टिकट वितरण का असंतोष अभी जारी है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता खुलेआम निर्दलीय चुनाव लड़ने का दावा कर बगावत पर उतर आए हैं। अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशियों से ज्यादा खतरा निर्दलीय पार्षद प्रत्याशियों से लग रहा है क्योंकि ये जमीनी कार्यकर्ता है।

वहीं टिकट कटने और न मिलने से नाराज नेताओं ने भी निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया है. अब सवाल है कि नाराज नेताओं की बगावत से क्या राजनीतिक दलों के समीकरण बिगड़ सकते हैं. आखिर पार्टी समय पर नाराज नेताओं को मनाने में क्यों विफल रही है और अब इन बागी नेताओं से पार्टियों को कितना नुकसान होगा. इसका सीधा असर नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों को भारी नुकसान होते दिख रहा है।

वार्ड नंबर 16 के निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गेश नशीने अब स्वतंत्र रूप से मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर काम किया लेकिन उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया. तब जाकर निर्दलीय नामांकन दाखिल किए है। अपने सरल एवं मिलनसार स्वभाव के चलते मोहल्ले में उनकी अच्छी पकड़ है एवं युवाओं का साथ है यहाँ से भाजपा के दिग्गज नेता ने अपना नाम वापस ले लिया है।

वार्ड नंबर 03 में भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशियों की हालत खराब हो गई है। दोनों पार्टी को निर्दलीय प्रत्याशी गोविंद बब्बन लालवानी से सीधी टक्कर मिल रही हैं. आपको बता दे की बब्बन लालवानी के साथ वार्ड वासियों का साथ है। मैदान में बब्बन लालवानी के उतरने के बाद कांग्रेस से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को नुकसान होते दिख रहा हैं. वहीं अब तीनो पार्टी में निर्दलीय प्रत्याशी मजबूत होते दिख रहा है। बब्बन लालवानी को चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन छाप मिला है कांग्रेस से विजय चंदवानी मैदान में है तो बीजेपी से रवि सेन मैदान में है। यह मुकाबला एक तरफ़ दिखाई दे रहा है। वार्ड नंबर दस में अन्नपूर्णा कश्यप तो वार्ड नंबर 11 में दिनेश साहू मजबूत दिख रहे है तिल्दा नेवरा नगर पालिका में कही भाजपा कांग्रेस में सीधी टक्कर है तो कई वार्डो में दोनों पार्टियों पर निर्दलीय प्रत्याशी भारी नजर आ रहे है सूत्रों की माने तो तो पार्टियों के दिग्गज माने जाने वाले कुछ नेता टिकट वितरण से भारी नाराज है और वो अध्यक्ष के लिए खतरा है।

### प्रत्याशी का फैसला विधायक के हाथ

# गैंदाटोला जिला पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस असमंजस में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 1 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला में कांग्रेस के 4 प्रत्याशी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं जैसा कि फार्म बिक्री को लेकर पता चलता है लेकिन अभी सिर्फ 1 प्रत्याशी चुम्मन साहू ने अपना फार्म जमा किया है अन्य 3 कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना फार्म जमा नहीं किया है।

अब कवायद यह कि इस क्षेत्र से किसको अधिकृत प्रत्याशी बनाया जायेगा। इस क्षेत्र में साहू बाहुल्य होने के कारण चुम्मन साहू को यदि कांग्रेस अधिकृत करती है तो सामाजिक रूप से इसका लाभ पार्टी को मिलेगा इसका कयास इस बात से ही लगाया जा सकता है कि गैंदाटोला जिला पंचायत क्षेत्र अभी तक सिर्फ साहू समाज के प्रत्याशी प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं जिसको देखकर ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र के लिये चुम्मन साहू ही सही बैठते हैं। और यदि किसी कारण से चुम्मन साहू को टिकट न देकर किसी दूसरे समाज के प्रतिनिधि को टिकट दिया जाता है तो इसका भरपूर विरोध हो सकता है क्योंकि लोगो में यह चर्चा होने लगी है कि जो महिला प्रतिनिधि नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल बिताने के बाद अब छुरिया क्षेत्र की जवाबदारी को छोड़कर गैंदाटोला में अपना नाम जोड़वाकर सत्ता



का लाभ लेने के लिये गैंदाटोला क्षेत्र से जिला पंचायत का चुनाव लड़ने की मंशा रखता हो वह जनहित की क्या बात करेगा। इनके बारे में ज्यादा तो कुछ नहीं सिर्फ व्यावसायिक परिसर की 101 दुकानों में ताला जड़वाने और लोगों की रोजी रोटी से खिलवाड़ करवाने वाला अब अपने आप को जन हितैषी के रूप में पेश करने की तैयारी में है जिसे नगर की भोली भाली जनता भलीभांति जान चुकी है।

इस प्रतिनिधि के बारे में यह तो सब अच्छी तरह से जानते हैं कि इनको अविश्वास प्रस्ताव के चलते इनके ही पार्षदों ने इन्हें नगर पंचायत के अध्यक्ष पद से कार्य मुक्त करवा दिया और उन्हीं के ऊपर हमारे खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू जी भरोसा करके उन्हें टिकट दिलवा देते हैं तो यह खुज्जी के जनता के साथ ही साथ गैंदाटोला क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात होगा और साहू समाज का भी अपमान माना जा सकता है।


**कार्यालय प्राचार्य,**
**गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय, भाटापारा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा पिन 493118**
**नैक द्वारा प्रत्यायित महाविद्यालय : ग्रेड 'बी' सीजीपीए 2.48**
**Phone No-07726-299484**
**Email-principalgovtlawcollege@gmail.com**

College Code 1210

क्रमांक/258/लेखा/निविदा/2025
भाटापारा, दिनांक 31/01/2025

**-::निविदा आमंत्रण::-**

गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय, भाटापारा में अध्ययनरत छात्र/छात्रओं के लिए वर्ष 2024-25 हेतु AIR (Bound) 1962 to 2010 एवं पुस्तकें क्रय किया जाना है।

उपरोक्त क्रय हेतु सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

नियम एवं शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में किया जा सकता है।

**निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अंदर।**
**निविदा खोलने की तिथि- 16वें दिन सायं 4.00 बजे।**

**प्राचार्य**
**गोविंद सारंग शा. विधि महाविद्यालय भाटापारा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

एक नजर

## रीति अवस्थी व हेमलता पटेल को पीएचडी

**रायपुर, 1 फरवरी।** रीति अवस्थी को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा मनोविज्ञान के विषय ए स्टडी ऑफ सेल्फी पोस्टिंग एज़ ए फंक्शन ऑफपर्सनेलिटी सेल्फस्टीम जेंडर एंड नॉर्सिसिजम एमांग कॉलेज स्टूडेंट्स पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।



उन्होंने अपना शोध डॉ उशाकिरण अग्रवाल प्राध्यापक मनोविज्ञान एवं प्राचार्य शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय तथा डॉ प्रियंवदा श्रीवास्तव प्राध्यापक मनोविज्ञान अध्ययनशाला के सह निर्देशन में पूर्ण किया। वे डीपी अवस्थी भिलाई की पुत्री हैं।

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा हेमलता पटेल को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में संजीव की कहानियों में सामाजिक सरोकार विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर मधुलता बारा के निर्देशन में साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पूर्ण किया। वे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पदस्थ कर्मचारी महेंद्र सिंह पटेल की धर्मपत्नी है।



## राजधानी में 2 को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर, 1 फरवरी।** राजधानी रायपुर के इंद्रावती कॉलोनी स्थित आरोग्यधाम में रविवार 2 फरवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है,उक्त जानकारी देते हुए हम साथ साथ है फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष बिंदिया अग्रवाल ने बताया कि फाउंडेशन एवं आरोग्यधाम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता राजकुमार राठी द्वारा किया जाएगा। वही सचिव लीना वाधर ने बताया कि शिविर में डॉक्टर तुषार बंसल द्वारा जोड़ो के दर्द, रक्त जांच से संबंधित सलाह दी जाएगी। साथ ही बीपी, शुगर सहित कोलेस्ट्रॉल की फ्री जांच भी राजधानीवासियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

## रेल कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण व चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**रायपुर, 1 फरवरी।** रायपुर रेल मंडल के डीजल लोको शेड में रेल कर्मचारियों के लिए कर्मचारी शिकायत निवारण सह चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों के हितों, उन्हें स्वस्थ कार्यालयीन वातावरण प्रदान करने, उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण तथा उन्हें स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन समय ब्रुसमय पर किया जाता है। इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के मार्गदर्शन में 28 जनवरी 2025 को मंडल के डीजल लोको शेड में कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के एवं वरिष्ठ वित्त प्रबंधक शिवाशीष के नेतृत्व में आयोजित शिकायत निवारण शिविर में 11 कर्मचारियों द्वारा लिखित शिकायतें दर्ज कराई गई तथा मौखिक रूप से 23 शिकायते दर्ज कराई गई । मौखिक शिकायतों पर गहन विचार विमर्श किया गया तथा कुछ शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही बाकी शिकायतों का निराकरण रेलवे बोर्ड के गाइड लाइन के तहत अतिशीघ्र करने का आश्वासन दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डीजल लोको शेड के 153 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

# चेम्बर ने किया आयकर में छूट देने का स्वागत

## टीडीएस की सीमा में वृद्धि करने से कर्मचारी खुश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 फरवरी।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा आज नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया गया। इस पर समाज के विभिन्न वर्गों की व्यापक प्रतिक्रिया आई है। व्यापारियों ने इसे सर्वकल्याणकारी व सकारात्मक बजट बताते हुए आयकर स्लैब में 12 लाख तक छूट देने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। वहीं कर्मचारियों ने टीडीएस में छूट दिए जाने पर खुशी जाहिर की है। बजट में किसानों, छात्रों एवं उद्योगों तथा व्हीकल उद्योग के लिए की गई कल्याणकारी घोषणाओं का स्वागत किया है। जीवनरक्षक दवाइयों में भी आयात शुल्क में छूट दिए जाने का स्वागत दवा व्यापारियों ने किया है।





चेम्बर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी है। यह बजट देश की आर्थिक स्थिति को नई दिशा देगा। अध्यक्ष ने कहा कि वित्त मंत्री ने आयकर स्लैब 12 लाख तक बढ़ा दिया है। यह एक क्रांतिकारी कदम है जिससे छोटे व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग के लोगों को काफी राहत मिलेगी। व्यापार में वृद्धि होगी तथा कर चोरी पर भी अंकुश लगेगा।

**किसान क्रेडिट योजना की कर्ज सीमा बढ़ाने का स्वागः** किसानों के लिए यह बजट कल्याणकारी है। किसान नेता अशोक बजाज के अनुसार वर्तमान में बिना ब्याज के किसानों को तीन लाख रुपए प्रतिवर्ष ऋण दिया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है जो कि स्वागत योग्य है। दलहन-तिलहन की फसलों को बढ़ावा देने के लिए धन-धान्य योजना लाई जा रही है। इसका भी स्वागत किया जाना चाहिए। इसके विस्तार की जानकारी ली जा रही है। भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने स्कूलों में ब्रॉडबैंड सेवाएं देने का स्वागत किया है। वाहन उद्योग से जुड़े खेमानी ने कहा कि इस बजट में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही है जो कि वाहन उद्योग को नई दिशा देगा।

### यह भारत के सुनहरे भविष्य की उद्घोषणा है : बजाज

**रायपुर, 1 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट विकसित भारत को लक्षित कर तैयार की गई है। यह भारत के सुनहरे भविष्य की उदघोषणा है. बजाज ने 12 लाख रुपये तक आय में छूट देने, किसान क्रेडिट कार्ड से कृषि ऋण सीमा 3 लाख रु. से बढ़ा कर 5 लाख रु. करने, किसानों के लिए धन-धान्य योजना प्रारंभ करने तथा दलहन की खेती को प्रोत्साहन देने की योजना का स्वागत किया है.



उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में ब्रांड बैंड कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सस्ते दर पर जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध कराने का निर्णय सराहनीय है.

### कैंसर और जीवनरक्षक दवाइयों पर छूट स्वागतेयः अश्विनी

दवा व्यापारी संघ के प्रमुख अश्विनी विग ने बताया कि कैंसर की 35 से अधिक दवाओं को टैक्स फ्री कर दिया गया है। इससे कैंसर रोगियों के इलाज में सहायता मिलेगी। जीवनरक्षक दवाइयों को भी आयात शुल्क से मुक्त किया गया है। बजट की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिली है इसलिए यह नहीं बताया जा सकता कि किन-किन दवाइयों में छूट मिलेगी। कोरोना के पश्चात मेडिकल के क्षेत्र में सरकार द्वारा क्रांतिकारी एवं साहसिक कदम उठाया जा रहा है। आवश्यक उपकरणों में भी छूट देने की घोषणा का स्वागत है। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए मेडिकल कालेज की 75 हजार सीट का निर्धारण किया गया है। इसकी भी विस्तृत जानकारी अभी अप्राप्त है। दवा व्यापारियों के अनुसार जीवनरक्षक दवाइयों में आयात शुल्क मुक्त करने से डायबिटीज, कार्डियक सहित दवाइयों में छूट मिलेगी। चेम्बर के पूर्व पदाधिकारी अश्विनी विग के अनुसार टीडीएस का स्लैब बढ़ाया गया है जिससे नौकरीपेशा लोगों को राहत मिलेगी। विभिन्न कंपनियों में पैकेज के आधार पर कार्य करने वालों को भी राहत मिलेगी। कर्मचारी नेता कमल वर्मा के अनुसार टीडीएस में कटौती का लाभ कर्मचारियों को होगा। सरकार की इस घोषणा से कर्मचारी जगत में हर्ष व्याप्त है। यह छूट आगामी वित्तीय वर्ष से दी जाएगी। इस पर नजर रखनी होगी।

### बजट आंकड़ों का मायाजाल : महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों का मायाजाल है। कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू ने भी इसे निराशाजनक बताया। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने इसे दिशाहीन बजट करार दिया है।




### महंगाई कम करने की दिशा में कदम उठाए सरकार

आम महिलाओं ने कहा कि वर्तमान में महंगाई के कारण इसका सीधा असर खाने की थाली पर पड़ रहा है। राहर दाल, खाद्य तेल एवं आटे का दाम काफी बढ़ गया है जिसके कारण घर का बजट भी बढ़ता जा रहा है इससे बड़ी परेशानी हो रही है। महिलाओं ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह रसोई गैस में सब्सिडी देने की घोषणा करती है लेकिन इसका पालन नहीं हो पाता। युवाओं ने महंगे पेट्रोल पर चिंता जाहिर की है। इस समय कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपना टैरिफ दर बढ़ा दिया है इसको लेकर भी युवाओं में रोष व्याप्त है।

### बजट का स्वागत

व्यापारी नेता जितेंद्र दोशी ने कहा है कि विकसित भारत की ओर अग्रसर करने वाला बजट है। मध्यम वर्ग, गरीबों, युवाओं एवं किसानों लिए बड़ा तोहफा है। मध्यम वर्ग के लिए बडी राहत 12 लाख तक आय कर पर छूट देने से व्यापारी वर्ग में हर्ष की लहर है। एमएसएमई और स्टार्टअप पर विशेष फोकस, युवाओं के लिए एमएसएमई एवं स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दिया गया है। एवं सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए बजट प्रस्तुत किया गया।

### योगेश अग्रवाल ने राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**रायपुर, 1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और साथ ही पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की है। उन्होंने इस संबंध में विधिवत एसोसिएशन को सूचना भी दी है।

योगेश अग्रवाल, जो कि वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद बृजमोहन अग्रवाल के छोटे भाई हैं, ने कहा कि अध्यक्ष पद के रूप में उन्होंने और उनकी टीम ने मिलर्स की सेवा में पूरी मेहनत की। लेकिन अब वह इस पद पर और कार्य नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने मिलर्स की सभी मांगों को पूरा किया है और अधिकारियों ने हमें पूरा सहयोग दिया है, इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। योगेश अग्रवाल लंबे समय से राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। एसोसिएशन का चुनाव तीन साल के लिए होता है और पिछले चुनाव अक्टूबर 2023 में हुआ था। हालांकि, उनका कार्यकाल समाप्त होने में अभी करीब 20 महीने का समय बचा था।

## स्कूली बच्चों ने किया रैंप वॉक

**रायपुर, 1 फरवरी।** स्टेज पर जब छोटे स्कूली बच्चों ने रैंप वॉक किया और वो देश मेरा के रीमिक्स पर थिरके तो उनकी मासूमियत व शानदार प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया। अवसर था करियर पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का, जो विगत दिनों मायाराम सुरजन लोकायन हॉल में संपन्न हुआ। बच्चों ने और भी एक से बढ़कर एक कार्यक्रम से दर्शकों का दिल जीत लिया। कुछ संदेशात्मक कार्यक्रम भी पेश किया गया। वार्षिकोत्सव की शुरुआत सरस्वती व गणेश वंदना से हुई। डॉ. गजेन्द्र सर और प्रधान अध्यापिका श्वेता सिन्हा ने स्कूल के सालाना गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पार्षद विश्वादिनी पांडे ने स्कूली बच्चों को कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करते हुए अपने सपनों का साकार करने के लिए आगे बढने् की सीख दी। शीलू शर्मा मैम ने मंच संचालन किया। विभिन्न केटेगरी में बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य प्रतिभा के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। एक अनूठा कार्यक्रम अंताक्षरी का जोड़ा गया जिसमें स्कूल परिवार व अभिवावकगण शामिल रहे।




## दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द की शोभायात्रा

**रायपुर, 1 फरवरी।** दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के प्रयागराज महाकुम्भ में दण्ड सन्यास दीक्षा उपरांत आज छत्तीसगढ़ आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकाल स्वागत किया।

यह जानकारी देते हुए शंकराचार्य आश्रम के आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया की पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज से 25 जनवरी को प्रयागराज में दण्ड सन्यास दीक्षा लेने के उपरांत दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज आज सड़क मार्ग से राजधानी पहुँचे। प्रथम आगमन पर उनके भक्तों ने राजधानी में शंकराचार्य चौक कमल विहार से भव्य शोभायात्रा निकाल स्वागत अभिनंदन किया। आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि 1008 यतिप्रवर दण्डीस्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के दण्ड सन्यास उपरान्त प्रथम नगर आगमन पर श्रद्धालुओं ने पचपेढ़ी चौक में अभिनंदन उपरांत शोभायात्रा आज अपरान्ह कमल विहार, शङ्कराचार्य चौक में आतिशबाजी व संगीत की धुन पर प्रारंभ हुई। आचार्य ने कहा आज राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के सनातन धर्मियों ने डॉ.इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज का पुष्प वर्षा एवं आरती उतार कर स्वागत किया। अंत मे शोभायात्रा त्रिपुर सुंदरी आश्रम में समाप्त हुई। जहां सभी श्रद्धालुओं को महाराज ने प्रसाद वितरित कर आशीर्वाद प्रदान किया।



## भाजपा हार की डर से सत्ता का दुरुपयोग कर रही : कांग्रेस

**रायपुर, 1 फरवरी।** भाजपा टिकिट बंटने के बाद जिस प्रकार से भाजपा कार्यकर्ता बगावत पर उतर आये है, उसके कारण भाजपा बौखला गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव में बेईमानी पर उतर आई है। सरकार के दबाव और भ्रष्टाचार के पैसे का दुरूपयोग करके कांग्रेस प्रत्याशियों को मैदान से हटाने, डराने धमकाने का षडयंत्र पूरे प्रदेश में चल रहा है। धमतरी के कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन साजिश करके रद्द किया गया, प्रदेश के अन्य निगमों, नगर पंचायतों में भी कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनाव से पहले ही हटाने की साजिश रची गयी है। सरकार के तमाम हथकंडो के बाद भी कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। जनता कांग्रेस के साथ है, भाजपा कोई भी षडयंत्र करले उसकी हार तय है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि टिकिट बटंने के बाद भाजपा में बगावत है नगरी में भाजपा कार्यालय जला दिया गया प्रदेश के आधा दर्जन क्षेत्रों में भाजपा नेताओं के पुतले फूंके जा रहे। भाजपा की टिकिट सत्ता के दलाल बेच रहे, भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के उम्मीदवार जो चुनाव लड़ने के अयोग्य है उनके खिलाफ आई आपत्ति को दरकिनार कर दिया गया। बिलासपुर की भाजपा महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी तेलुगु समाज से आती है। नामांकन पत्र में उन्होंने खुद को उड़िया बताया है। पूजा विधानी का असली नाम एल पद्मजा है अशोक विधानी से शादी के बाद उनका नाम पूजा विधानी पड़ा। एम पद्मजा को तेलगु समाज का माना जाता था पर उड़िया समाज का होने और ओबीसी वर्ग से होने का उन्होंने नामांकन भरा।

## भाजपा ने चैंबर से घोषणा पत्र के लिए मांगे सुझाव

**रायपुर, 1 फरवरी।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमर अग्रवाल ने आज रायपुर में चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों और व्यापारियों से मुलाकात कर आगामी नगर निगम चुनाव के लिए घोषणा पत्र के संबंध में सुझाव लिए। इस दौरान उन्होंने व्यापार जगत की आवश्यकताओं और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। अमर अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यापारियों के हितों की रक्षा और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने रायपुर के व्यापारियों से अपील की कि वे नगर निगम चुनाव में भाजपा को समर्थन दें और महापौर प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें।

इस दौरान व्यापारियों ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी और भाजपा से उम्मीदें जताईं। अमर अग्रवाल ने सभी सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल करने का आश्वासन दिया और कहा कि भाजपा रायपुर को व्यापार और उद्योग के लिए एक आदर्श शहर बनाने के लिए संकल्पित है। अमर अग्रवाल ने व्यापारियों से आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा को सशक्त समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि रायपुर में भाजपा की सरकार बनती है, तो व्यापारियों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा। उन्होंने भाजपा महापौर प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ही वह दल है जो स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस दौरान व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों ने अमर अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा की नीतियों में विश्वास जताया और सहयोग का आश्वासन दिया।



### इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स, युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व का जश्न

## सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं : राजपाल

**रायपुर, 1 फरवरी।** इंदिरा यूनिवर्सिटी के राजधानी रायपुर में आयोजित इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई दिशा दिखाई। इस प्रेरणादायक शाम के मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और कॉमेडी किंग राजपाल यादव ने शिरकत की और अपने जीवन के संघर्षों और सफ्लता के अनुभवों को साझा किया।

राजपाल यादव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफ्लता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों और संघर्षों को गले लगाना ही असल सफ्लता की ओर बढ़ने का रास्ता है। जो व्यक्ति बिना संघर्ष के सफ्लता की राह पर चलता है, वह केवल चमत्कारी परिणाम की उम्मीद करता है, लेकिन असल में सफ्लता वह है जो परिश्रम और कठिनाइयों से गुजरने के बाद प्राप्त होती है।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार भी देती है। शिक्षा के जरिए हम सिर्फ पढ़ाई नहीं करते, बल्कि अपने भीतर अनुशासन और ईमानदारी जैसी महत्वपूर्ण बातें भी सीखते हैं, जो हमें जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाती हैं।



### लीडरशिप अवॉर्ड्स और प्रतिभागियों की भागीदारी

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाने वाले व्यक्तियों को लीडरशिप अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, प्रोफेशनल्स और शिक्षक शामिल थे। सम्मानित होने वाले में इंदिरा के पुणे इंस्टिट्यूट के एमबीए के सैकंड बैच का स्टूडेंट और वर्तमान में कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, मीडिया जगत के विरेन्द्र शर्मा, कौशल स्वर्णबेर, समरेन्द्र शर्मा, बृजेश द्विवेदी और विनय बैस प्रमुख थे। इस आयोजन ने इंदिरा यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को फिर से उजागर किया कि वह भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा और पहल प्रदान करने में समर्पित है।

नेशनल गेम्स



**रायपुर, 1 फरवरी।** उत्तराखंड के हलद्वानी में सम्पन्न 38वें राष्ट्रीय खेलों 2025 के अंतर्गत खोह्व खो में महिला तथा पुरुष दोनों वर्ग की चैंपियन महाराष्ट्र की टीम के साथ डी डी स्पोर्ट्स के कमेंटेटर मुंबई के राजेश यादव तथा छत्तीसगढ़ के जसवंत क्लॉडियस।

## बीजापुर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराए 8 नक्सली

**रायपुर, 1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को शनिवार को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। गंगालूर थाना क्षेत्र के तोड़का इलाके में चल रही मुठभेड़ में अब तक 8 नक्सलियों को मार गिराया गया है। मुठभेड़ के दौरान मारे गए नक्सलियों के शव सुरक्षाबलों ने बरामद कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ अब भी जारी है, जिसमें डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) के जवान शामिल हैं। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को घेर लिया है और दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के पास से कई आटोमेटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। सुरक्षाबल इलाके में गश्त के दौरान नक्सलियों के हमले का सामना कर रहे थे, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई और नक्सली घेर लिए गए।यह अभियान बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई का हिस्सा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26